सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
07.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 262 06




यीशु का बलिदान

# एक था टाइगर...

## झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का चेन्नई में निधन



(1 जनवरी 1967- 6 अप्रैल 2023)

➲ आज पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार दो दिनों का राजकीय शोक घोषित

➲ गवर्नर, सीएम, बाबूलाल, अर्जुन मुंडा समेत तमाम नेताओं, संगठनों ने जताया शोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टाईगर के रूप में चर्चित राज्य के स्कूली शिक्षा सह उत्पाद मंत्री जगरनाथ महतो (56) का गुरुवार को चेन्नई में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर को शुक्रवार को विमान से रांची लाया जायेगा। पार्थिव शरीर को विधानसभा में अंतिम दर्शन को रखा जायेगा। सुबह करीब 7.30 बजे सीएम हेमंत सोरेन खुद बिरसा मुंडा एयरपोर्ट जाकर उनके पार्थिव शरीर को लेकर विधानसभा जायेंगे। विधानसभा में अंतिम दर्शन के उपरांत दिवंगत नेता का पार्थिव शरीर पार्टी कार्यालय होते हुए उनके गांव ले जाया जायेगा तथा पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा। सरकार ने उनकी स्मृति में दो दिनों का राजकीय शोक घोषित किया है। उनके निधन से झारखंड के राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर है। गवर्नर सीपी राधाकृष्णन, सीपी हेमंत सोरेन, झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन, विपक्ष के नेताओं बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा समेत तमाम राजनेताओं ने निधन पर शोक जताया है।

### दो दिन तक कोई राजकीय समारोह नहीं

शिक्षा मंत्री के निधन पर झारखंड सरकार ने दो दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इसके तहत सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। दो दिनों तक कोई भी राजकीय समारोह नहीं होगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने पत्र जारी किया है। झारखंड मंत्रालय में गुरुवार को होनेवाली कैबिनेट की बैठक होनी थी मगर जैसे ही जगरनाथ महतो के निधन की खबर मिली, बैठक स्थगित कर दी गयी।

### अलारगो में होगा अंतिम संस्कार

जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो ने बताया कि पिता जी का पार्थिव शरीर शुक्रवार को प्रातः सात बजे चेन्नई से रांची लाया जायेगा। एयरपोर्ट से उनके पार्थिव शरीर को विधानसभा ले जाया जायेगा, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को झामुमो कार्यालय हरमू ले जाया जायेगा। झामुमो कार्यालय से उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव अलारगो ले जाया जायेगा, जहां अंतिम संस्कार होगा। समस्त कार्यक्रम पैतृक आवास ग्राम-अलारगो, भंडारीदह (बोकारो) में होंगे। दोपहर 1 बजे उनकी अंतिम यात्रा गांव अलारगो से भंडारीदह (दामोदर घाट) तक होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### झामुमो के लिए अपूरणीय क्षति : शिबू सोरेन

झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि जगरनाथ महतो का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय और मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। वह झारखंड आंदोलन के समय हमारे सहयोगी थे। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, कार्यशैली, दूरदर्शिता तथा कुशल नेतृत्व प्रत्येक अवसर पर परिलक्षित होती थी। अपने संघर्ष, कर्तव्य निष्ठा, सादगी और विचारों की स्पष्टता के कारण उन्होंने अपनी अलग पहचान बनायी। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्मा को चिरशांति प्रदान करें तथा उनके परिवार एवं शुभचिंतकों को इस दु:ख में खुद को संभालने की शक्ति प्रदान करें।

### राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दुखी

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षा मंत्री के निधन पर संवेदना प्रकट की है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि झारखंड के आदरणीय मंत्री जगरनाथ महतो जी के निधन से मर्माहत हूं। ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति देने की प्रार्थना करता हूं। वहीं सत्ता-पक्ष और विपक्ष सभी नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है। शुक्रवार सुबह उनका पार्थिव शरीर चेन्नई से रांची पहुंचेगा।

### स्पीकर के कहने पर भी खड़े होकर ही दिया जवाब

बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान 28 फरवरी को शिक्षा विभाग से जुड़े सवाल पूछे जा रहे थे। विभाग को लेकर पूछे गये सवाल का उन्होंने लड़खड़ाते पैर और लड़खड़ाती आवाज के साथ पूरा जवाब दिया। स्पीकर बार-बार कहते रहे कि आपकी तबीयत ठीक नहीं है, आप बैठकर जवाब दे सकते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं मैं ठीक हूं। खड़े होकर ही बोलूंगा।

### डुमरी से विधायक थे टाइगर

नावाडीह प्रखंड के अलारगो के सिमराकुल्ही निवासी जगरनाथ महतो ने मैट्रिक तक शिक्षा हासिल की थी। अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत 1990 में की थी। जगरनाथ महतो डुमरी सीट से विधायक थे। झामुमो के जगरनाथ महतो ने यहां से 2005, 2009, 2014 और 2019 में जीत हासिल की थी। इस सीट से लगातार तीन बार विधायक बनने वाले वे एकमात्र नेता थे।

### आखिरी वक्त तक लड़ता रहा टाइगर

गुरुवार को झारखंड के टाइगर का निधन हो गया। जगरनाथ महतो अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें सभी की जेहन में सदा के लिए रहेंगी। परिस्थिति चाहे जैसा भी हो टाइगर लोगों के लिए लड़ता रहता था। वो एक जुझारू नेता थे। परिस्थियों के साथ-साथ शारीरिक लाचारी से भी लड़ते रहे। पिछले कुछ सालों से वह बीमार चल रहे थे। भले ही वो शरीर से लाचार थे, फिर भी अपनी कमजोरी नहीं दिखाते थे। सड़क हो या सदन वो अपनी जिम्मेवारी बखूबी निभाते थे। शारीरीक लाचारी को कभी भी उन्होंने आड़े नहीं आने दिया।

## ...नियति को भी टाइगर होने का एहसास कराया

हेमंत सोरेन



स्मृति शेष

**सुबह** जब राजनीतिक योद्धा और संघर्ष के प्रतीक जगरनाथ दा के निधन की खबर मिली, तो मैं निःशब्द होने के साथ मर्माहत हो उठा। जगरनाथ दा इस सरकार में मंत्री के साथ-साथ मेरे बड़े भाई और एक ऐसे अभिभावक की भूमिका में थे, जो गलतियां होने पर डांट भी लगा देते थे और कभी पीठ भी थपथपा देते थे। टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ दा ने अपने संघर्ष, कर्तव्यनिष्ठा, सादगी और विचारों की स्पष्टता के कारण अपनी खास और अलग पहचान बनायी। निर्धारित लक्ष्य हर हाल में हासिल करने की उनकी जिद से मैंने बहुत कुछ सीखा। कई बार विषम परिस्थितियों में उनकी सलाह, विचार और हौसला आफजाई ने हिम्मत दी और लड़ने का जज्बा दिया। जगरनाथ दा को यूं ही टाइगर नहीं कहा जाता था। कोरोनाकाल में गंभीर रूप से ग्रसित होने के बावजूद उन्होंने नियति से लंबी लड़ाई लड़ी और जीत कर अपने टाइगर होने को चरितार्थ कर दिखाया। आखिरकार हुआ वही जो नियति को मंजूर था।

जगरनाथ दा जैसे व्यक्तित्व की कमी की भरपाई करना संभव नहीं है। उनकी कमी जीवन भर खलेगी। उनकी शिक्षा, उनका मार्गदर्शन और उनका आशीर्वाद मुझे आगे का रास्ता दिखायेगा। जगरनाथ दा ने अपने मंत्रित्व काल के दौरान शिक्षा विभाग में कुछ ऐसे निर्णय लिये, जिसे झारखंड हरदम याद रखेगा। अलग झारखंड के मुखर योद्धा जगरनाथ दा की सोच और उनके संकल्पों को पूरा कर उसे साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमारी सरकार एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार उनके सोच और विचार को साकार करने के प्रति तब तक संकल्पित रहेगी जब तक उसे हासिल नहीं कर लिया जाता। अपने बड़े भाई दुर्गा सोरेन जी के निधन के वक्त जिस शून्यता का एहसास हुआ था उसी शून्यता का एहसास आज हो रहा है। ईश्वर अपने श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान दें और उनके परिवार और समर्थकों को इस दुःख में खुद को संभालने का साहस और सामर्थ्य दें, यही प्रार्थना है। जगरनाथ दा अमर रहेंगे क्योंकि उनके विचार, सिद्धांत और मार्गदर्शन हमारी सरकार और हमारी पार्टी को सदैव दिशा दिखाते रहेंगे।

जगरनाथ दा दिल में थे दिल में रहेंगे, हम कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते रहेंगे, आपका संघर्ष बेकार नहीं जायेगा, हर हाल में सोच साकार होगा।

**(सीएम सह कार्यकारी अध्यक्ष झामुमो)**

07 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:07 बजे
08 अप्रैल का सेहरी भोर 4:13 बजे




### गवर्नर ने पीएम संग की राज्य के विकास पर चर्चा

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में भेंट कर राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। राज्यपाल ने पीएम को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, आवास आदि के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने राज्य में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में विकासात्मक गतिविधियों एवं सुरक्षा के संदर्भ में भी जानकारी दी। राज्यपाल ने पीएम को राज्य में उच्च शिक्षा के विकास के लिए निर्मित रोडमैप से अवगत कराया।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## पत्नी, दो बेटियों और शिक्षिका के हत्यारे दीपक को फांसी की सजा

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत तिस्ता रोड स्थित क्वार्टर में गत 12 अप्रैल 2021 की दोपहर पत्नी, दो मासूम बेटियों और ट्यूशन टीचर रिंकी घोष की बेरहमी से हत्या करने के मामले में दोषी करार दिये गये टाटा स्टील दमकल विभाग के कर्मचारी दीपक कुमार को जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे-4 राजेंद्र कुमार सिनहा की अदालत ने फांसी की सजा सुना दी। फैसला सुनाने से पूर्व दीपक उर्फ गोलू को घाघीडीह सेंट्रल जेल से वीसी के जरिए पेशी करायी गयी। सुबह 8.56 बजे अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि तुमने चार लोगों की बेरहमी से हत्या की है। इसलिए तुम्हें जीने का अधिकार नहीं है। मैं भी तुम्हें मौत की सजा दे रहा हूं।

■ बता दें कि दीपक को गत शनिवार को अदालत ने हत्याकांड में दोषी करार दिया था। अदालत ने आरोपी को धारा 302, 307, 379, 201 और 376 (1) के तहत सजा सुनायी है। लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बताया कि कदमा हत्याकांड में कुल 26 लोगों की गवाही हुई है। अदालत ने 266 पेज के फैसले में आरोपी दीपक को फांसी की सजा सुनाने के साथ-साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने हत्या की धारा 302 के तहत फांसी, धारा 307 के तहत जानलेवा हमला के मामले में 10 साल, धारा 201 साक्ष्य छुपाने के मामले में 5 साल, धारा 379 चोरी के मामले में 3 साल और धारा 376 (1) महिला के साथ दुष्कर्म के तहत उम्र कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनायी है।

### कोरोना पर केंद्र अलर्ट आज राज्यों संग बैठक

**नयी दिल्ली।** देश में बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार भी एक्टिव हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कोविड-19 की स्थिति और तैयारियों का जायजा लेने के लिए राज्यों और संबंधित विभागों की हाईलेवल मीटिंग बुलायी है। स्वास्थ्य मंत्री की ये समीक्षा बैठक दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों को साथ कोविड-19 की स्थिति पर चर्चा करेंगे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, नीति आयोग, एनटीएजीआइ के अधिकारी भी शामिल होंगे। देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 5,335 नये मामले आने से सरकार टेंशन में है। अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,39,054 हो गयी है।

## कुड़मी आंदोलन : सड़कें और रेल पटरियां जाम

**जमशेदपुर/खड़गपुर।** कुड़मी समुदाय के लोग एसटी का दर्जा देने सहित कई मांगों को लेकर खड़गपुर ग्रामीण थाना के खेमाशुली इलाके में विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन भी आरपार के मूड में आंदोलन करते रहे। विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन गुरुवार को खड़गपुर-जमशेदपुर मुख्य सड़क और खड़गपुर-टाटानगर रेल सेवा पूरी तरह से प्रभावित रहीं। आंदोलन के कारण 84 ट्रेन का परिचालन रद्द करना पड़ा। कई ट्रेन का रास्ता बदला गया। आंदोलनकारियों द्वारा अपनी मांगों पर अड़े रहने के कारण प्रशासन के साथ उनकी बैठक विफल रही। गुरुवार को स्थानीय रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी, आंदोलनकारियों से मुलाकात करते हुए उन्हें रेलवे ट्रैक से हटने की अपील की। इससे आंदोलनकारी भड़क गये। पुलिस वाहन पर पथराव कर दिया।

44वें स्थापना दिवस पर मोदी ने हनुमान जी से की भाजपा की तुलना, कहा

# ऐसा कोई काम नहीं, जो पवन पुत्र नहीं कर सकते

■ भाजपा का मतलब बताया- मिशन, समाज सेवा, समाज का सशक्तिकरण और नये भारत का निर्माण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, जब लक्ष्मण जी पर संकट आया तब हनुमान जी पूरा पर्वत ही उठाकर ले आये। भाजपा भी इसी प्रेरणा से परिणाम लाने में लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करती रही है, करते रहना है, करते रहेंगे। आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है। हनुमान जी अपने लिए कुछ नहीं करते है, सब कुछ दूसरों के लिए. जब हनुमान जी को राक्षकों का सामना करना पड़ा था तो वो बहुत ज्याद कठोर हो गये थे, इसी तरह भारत में कानून और भष्ट्राचार की बात आती है, तो भाजपा उतनी ही कठोर हो जाती है। ऐसा कोई भी काम नहीं है जो पवन पुत्र कर नहीं सकते है, भाजपा भी इसी प्रेरणा से लोगों की समस्याओं का हल करने में लगी हुई है।

(शेष पेज 11 पर)


### देश में हर कोई कमल खिलाने को खड़ा है



पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा, आज ये लोग खुल कर कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, धमकी देने लगे, बादशाही मानसिकता वाली पार्टियों को एक बात पता नहीं है कि देश का गरीब और युवा, माताएं बेटियां, दलित आदिवासी हर कोई भाजपा के कमल को खिलाने के लिए खड़ा हुआ है। इन राजनीतिक दलों की हमारे खिलाफ साजिशे चलती रहती हैं। मां भारती को इन बुराइयों से मुक्ति दिलाने के लिए कठोर होना पड़े तो कठोर हों।

### मोदी के नेतृत्व में पार्टी व देश को और आगे ले जायेंगे : नड्डा

वहीं लखनऊ के भाजपा मुख्यालय में पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, आज हमें ये संकल्प लेना होगा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हम एक पल भी बैठने वाले नहीं हैं और पार्टी को और आगे ले जायेंगे।



# जगरनाथ महतो ने सदन के भीतर-बाहर झारखंड होने का कराया बोध

उदय चौहान

रांची। गुरुवार की सुबह जब शिक्षा मंत्री के नहीं रहने की खबर फैली तो एकाएक विश्वास नहीं हुआ। लेकिन, नियति के आगे किसकी चलती है। वही हुआ, संघषशील आंदोलनकारी, मृदुभाषी व जीवटता के प्रतिमूर्ति टाइगर दा झारखंड की राजनीति में एक शून्य छोड़ कर चले गये। अभी, बीते बजट सत्र में तो जगरन्नाथ दा ने बीमार होने के बावजूद स्पीकर के आग्रह को दरकिनार करते हुये सदन में खड़े होकर जवाब दिया था। शिक्षा विभाग के सवालों का भरपूर आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया था। उनके इसी आत्मविश्वास को लेकर विपक्षी सदस्य भी कायल थे।

सदन में खड़े होकर जनहित के मुद्दों पर समाधान निकालने की कला उन्हें भरपूर आती थी। यही कारण था कि तत्कालीन रघुवर दास सरकार के समय भी अपने क्षेत्र के कार्यों को बखूबी कर लेते थे। अपने लगभग 17 वर्ष के संसदीय जीवन में पक्ष-विपक्ष दोनों ओर के दुलारे बने रहे।

दरअसल, चाहने वालों के बीच टाइगर के नाम से चर्चित डूमरी के



विधायक जगरनाथ महतो झारखंड विधानसभा के ऐसे सदस्य थे, जो 1932 खतियान को लागू करने के सपने के साथ जीते रहे। अपने जीवन में राज्य में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू होने को लेकर आश्वस्त थे। अपने राजनीतिक जीवन में वे वैसे नेता थे जो गिरिडीह और बोकारो दोनों जिले में समान रूप से लोकप्रिय थे। कहा जाता है कि झारखंड आंदोलन के प्रणेता विनोद बिहारी महतो के भी वे चहेते रहे थे। जगरनाथ अपनी मृत्यु तक 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने को लेकर बेबाकी से बोलते रहे। कई मंचों से जगरनाथ महतो ने कहा था कि झारखंडियों को उनका हक नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा था कि 1932 का खतियान झारखंड विधानसभा से पास होकर रहेगा। इसे पारित होने से कोई नहीं रोक पायेगा। इतना ही

**टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ महतो मृदुभाषी व जीवटता को जीवन भर अपनाया**

नहीं, झारखंड में 1932 का खतियान लागू होकर भी रहेगा। इसे लेकर वो इतने आश्वस्त थे कि उन्होंने पहले ही श1932 का खतियान हम झारखंडियों की यही पहचान लिखा चादर छपवा लिया था। जब विधानसभा में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति पारित हुआ तब उन्होंने यही चादर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को ओढ़ाया था।

**इंटर की परीक्षा नहीं देने का रहा मलाल :** जब साल 2000 में झारखंड अलग हुआ तब समता पार्टी की टिकट पर इन्होंने चुनाव लड़ा। तब भाजपा प्रत्याशी लालचंद महतो से शिकस्त खानी पड़ी। इसके बाद जगरनाथ महतो कि नजदीकियां झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के साथ बढ़ी। उन्होंने झामुमो का हाथ थामा और जीवनपर्यंत तीर-धनुष के हमसफर बने। दरअसल, कोरोना बना जगरन्नाथ महतो के परिवार के लिए काल। कोरोना ही वह वजह है जिसने एक ऊजार्वान विधायक और मंत्री को सबसे दूर कर दिया। चार भाईयों में सबसे बड़े जगरनाथ महतो को कोरोना हुआ था। आनन-फानन में रिम्स लाया गया। इसके बाद लाइफ सपोर्ट सिस्टम के साथ एयरलिफ्ट कर सितंबर महीने में चेन्नई 2022 ले जाया गया। नवंबर महीने में उनका लंग्स ट्रांसप्लांट हुआ। 20 दिनों तक उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया था। करीब आठ महीने के बाद 14 जून 2021 को झारखंड लौटे। 14 मार्च 2023 को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान फिर से उनकी तबीयत बिगड़ी। वो इलाज के लिए चेन्नई गए जरूर पर लौटे नहीं। अनूठी कार्यशैली के लिये जगरन्नाथ महतो विख्यात थे। शिक्षा मंत्री रहते हुये उन्होंने 53 साल की उम्र में इंटर में नामांकन कराया था। मैट्रिक पास करने के 25 साल बाद इंटरमीडिएट में बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी महतो स्मारक इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट आर्ट्स में दाखिला लिया था। हालांकि, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होने का उनका सपना पूरा नहीं हो सका।





झारखंड के कद्दावर आंदोलनकारी नेता सह झारखंड सरकार के मंत्री जगरनाथ महतो जी के निधन से पार्टी में शोक की लहर व्याप्त हो गयी है। पार्टी ने अपना कर्मठ और जुझारू साथी खो दिया है। नि:संदेह स्व महतो के निधन से झारखंड की राजनीति को भी अपूर्णीय क्षति हुई है। लंबे समय से बीमारी को हराते हुए, योद्धा की भांति डंटे रहने वाले जगरनाथ जी का चले जाना पूरे झारखंड के लिए अत्यंत दुखदायी एवं अपूर्णीय क्षति है। स्व महतो का दृढ़ संकल्प शक्ति, संघर्षशीलता तथा दूरदर्शी सोच सदैव हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी।
**– श्री अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, पार्टी के वरिष्ठ नेता**

झारखंड के मूलवासियों के प्रखर प्रवक्ता, झारखंड राज्य निर्माण आंदोलन के संघर्षशील योद्धा, किसान एवं मजदूरों के जुझारू नेतृत्वकारी तथा पार्टी के ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ नेता जगरनाथ महतो जी का निधन न केवल हम सब के लिए स्तब्धकारी है, उससे ज्यादा असहनीय है। जगरनाथ दा संघर्ष के साथ जीवन के हर पल को जिया एवं जब मृत्यु भी वरण किया तब भी संघर्षशील रहे। उनका जाना अपूरणीय क्षति और प्रचंड पीड़ादायक है। झारखंड राज्य गठन के बाद से प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा को अल्पकाल में जो भव्य स्वरूप प्राप्त हुआ , अनुकरणीय रहेगा। **–सुप्रियो भट्टाचार्य**

## शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक

### जगरनाथ महतो के निधन से अर्जुन मुंडा मर्माहत

रांची। झारखंड के शिक्षा मंत्री षटाइगरष जगरनाथ महतो के निधन से केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा मर्माहत हैं। श्री मुंडा ने अपने शोक संदेश में कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

### जगरनाथ महतो जमीन से जुड़े नेता थे : सुदेश महतो

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री आदरणीय जगरनाथ महतो जी का चेन्नई में इलाज के दौरान निधन की खबर से आहत हूं। वे जमीन से जुड़े नेता थे। उनका असमय जाना झारखंड की राजनीति में अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

### राज्य की जनता ने एक लोकप्रिय नेता खो दिया : बन्ना

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज हम सभी ने अपना अभिभावक, झारखंड ने एक आंदोलनकारी और राज्य की जनता ने एक लोकप्रिय नेता खो दिया। उन्होंने एक अभिभावक के रूप में हमेशा मुझे मार्गदर्शन दिया, कोरोना काल में उनके कार्य कुशलता ने हम सभी को प्रोत्साहित किया, खुद कोरोना पॉजिटिव होने के बाद भी उन्होंने कभी भी हार नहीं मानी और लड़ाई लड़ते रहे, आज भले ही वे मौत से हार गए लेकिन टाइगर हमेशा जिन्दा था जिन्दा रहेगा अपने कर्मो से। झारखंड आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका था,राज्य की जनता की सेवा के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहते थे! ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार और समर्थकों को दु:ख सहन करने की शक्ति दे।

### जगरनाथ महतो का निधनअपूरणीय क्षति : राजेंद्र

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति सात्वना व्यक्त की। श्री प्रसाद ने कहा कि जगरनाथ महतो, सरल स्वभाव, मिलनसार और जमीन से जुड़े राजनेता थे। श्री प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड वासियों ने आज अपने माटी के सच्चे सपूत को खो दिया है। प्रसाद ने कहा कि जगरनाथ महतो ने झारखण्डियों, वंचितों के लिए हमेशा आवाज उठाते रहे और उनके दु:ख सुख में हमेशा साथ खड़े रहे।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

रांची। प्रदेश भाजपा ने शिक्षा एवं उत्पाद, मद्य निषेध मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि स्व जगन्नाथ महतो जुझारू, संघर्षशील धरती पुत्र थे। इनके आकस्मिक निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा भगवान परिजनों को दुख की घड़ी में धैर्य और साहस प्रदान करें। नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि कोरोना जैसी बीमारी को उन्होंने एक योद्धा की भांति हराया था। लेकिन उनका इस तरह असमय चला जाना अत्यंत पीड़ा दायी है। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, नीरज सिंह, लक्ष्मी कुमारी आदि शामिल हैं।

### जगरनाथ महतो का निधन अपूरणीय क्षति : संजय सेठ

रांची। सांसद संजय सेठ ने राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर अपनी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि जगरनाथ महतो एक बहुत ही सुलझे हुए और सम्मानीय नेता थे। कोरोना काल के समय से ही उनकी तबीयत खराब रहने लगी थी,उसके बावजूद भी वह अपने कर्तव्यो का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते रहे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

### कांग्रेस नेताओं ने शोक व्यक्त किया

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने राज्य के शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जगन्नाथ महतो का निधन राज्य के लिए अथवा हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जगन्नाथ महतो के निधन से मन मर्माहत है। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जगरनाथ महतो का निधन पूरे झारखंड वासियों के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रदेश कॉंग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने भी शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा की टाइगर जगन्नाथ महतो का निधन राज्य के लिये अपूरणीय क्षति जिसकी भरपाई निकट भविष्य में असंभव है। प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा चेन्नई में इलाज के दौरान जगरनाथ महतो जी का निधन की सूचना से मर्माहत हूं।

### जगरनाथ महतो का निधन अपूरणीय क्षति : रघुवर दास

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि विनम्र और मृदुभाषी राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन की स्तब्ध करने वाली सूचना मिली। इस खबर पर विश्वास करना मुश्किल है। टाइगर के नाम से विख्यात जगरनाथ दा के जाने से झारखंड की राजनीतिक क्षेत्र में जो स्थान रिक्त हुआ है, उसे भरना संभव नहीं होगा। अपनी बात व्यवहार से वे पक्ष विपक्ष के नेताओं के बीच काफी लोकप्रिय थे।

### सीपीआइ ने शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया

रांची। भारतीय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, झारखंड राज्य परिषद ने झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पार्टी ने कहा है कि उनकी मृत्यु से राज्य के लोकतांत्रिक आंदोलन को भारी क्षति हुई है। वे एक कर्मठ, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी राजनेता के साथ कुशल प्रशासक थे। सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं कार्यालय सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त बयान जारी कर उनके शोक संतप्त परिवार और उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपनी गहरी संवेदना प्रेषित किया है साथ ही कहा है कि जगन्नाथ महतो की कमी झारखंड को हमेशा खलेगी।

## स्पीड न्यूज

### केके सोन और आराधना बनीं हेल्थ में ज्वाइंट सेक्रेट्री

रांची। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये राजस्व सचिव कमल किशोर सोन को मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड एंप्लॉयमेंट/श्रम मंत्रालय भारत सरकार में ज्वाइंट सेक्रेट्री वेलफेयर एंड ट्रेनिंग (संयुक्त सचिव) बनाया गया है। वहीं, आराधना पटनायक को हेल्थ में ज्वाइंट सेक्रेट्री बनाया गया है।

### राप्रसे के आठ अधिकारी बदले

रांची। राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के 8 अधिकारियों का तबादला किया गया है। खूंटी की कार्यपालक दंडाधिकारी उषा मुंडू को स्थानांतरित करते हुए ग्रामीण विकास विभाग, लातेहार में पदस्थापित किया गया है। वहीं, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रीति सिन्हा को स्थानांतरित करते हुए महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, रामगढ़ की प्रखंड विकास पदाधिकारी एनी रिंकू कुजुर को ग्रामीण विकास विभाग, कामडारा की बीडीओ अमृता प्रियंका एक्का को स्थानांतरित करते हुए जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, दुमका के कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजुर को रामगढ़, गोड्डा की कार्यपालक दंडाधिकारी कोमल कुमारी को स्थानांतरित करते हुए खूंटी, जामताड़ा की कार्यपालक पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी को पलामू, मेदिनीनगर के कार्यपालक दंडाधिकारी विनोद राम को लोहरदगा भेजा गया है।

### वीरेंद्र राम की 19 तक बढ़ी हिरासत अवधि

रांची। मनी लाउंड्रिंग मामले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम की न्यायिक हिरासत अवधि 19 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-22-25-2023, दिनांक: 03.04.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम संख्या: 1। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-22-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन ओरगा, बानो, गोबिंदपुर एवं बालसिरिंग स्टेशनों पर सॉफ्ट क्रमोन्नयन तथा दिव्यांगजन सुविधाएं। **निविदा मूल्य:** ₹ 27,90,90,453.62। **क्रम संख्या: 2। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-23-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन तालितिलवाई, नामकोम, पिस्का एवं लोहरदगा स्टेशनों पर सॉफ्ट क्रमोन्नयन तथा दिव्यांगजन सुविधाएं। **निविदा मूल्य:** ₹ 37,11,61,850.19। **क्रम संख्या: 3। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-24-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन झालदा, तुलिन एवं मुईसा स्टेशनों पर सॉफ्ट क्रमोन्नयन तथा दिव्यांगजन सुविधाएं। **निविदा मूल्य:** ₹ 21,72,80,271.40। **क्रम संख्या: 4। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-25-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन रामगढ़, मुरी, सिल्ली एवं गंगाघाट स्टेशनों पर सॉफ्ट क्रमोन्नयन तथा दिव्यांगजन सुविधाएं। **निविदा मूल्य:** ₹ 28,36,44,374.19। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 20.04.2023 को अपराह्न 3:00 बजे (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रांची-834003 के कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। (PR-17)


## हाइकोर्ट ने महाधिवक्ता से पूछा, नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया कैसे सरल हो बतायें

# रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड के नगर निकायों में नक्शे की स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने नक्शा स्वीकृति पर रोक हटाने को लेकर हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की। जिस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता से मौखिक पूछा है कि नक्शा स्वीकृति के दौरान फाइल के विभिन्न चरणों से गुजरने की प्रक्रिया पर संबंधित विभागों से विचार विमर्श करें और बताएं कि कैसे इसे सरल बनाया जाए ताकि लोगों को लोगो को नक्शा पास करने में कठिनाई नहीं हो।

कोर्ट ने महाधिवक्ता को इस संबंध में अगली सुनवाई में बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने कोर्ट से नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक हटाने का



आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता को इससे संबंधित पिटिशन दाखिल करने को कहा था। बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा शीर्षक से यह खबर छपी हुई है। इसमें कहा गया है की राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के लिए अधिकतम शुल्क 8 रुपया प्रति वर्ग फीट है लेकिन निकायों में तय शुल्क के अलावा 30 रुपए प्रति वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।

### झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल के मामले में पांच जजों की बेंच में हुई सुनवाई

रांची। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण अधिनियम (जेट) के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के पांच जजों की बेंच में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बहस की गई। जिसके बाद अदालत ने इस केस से जुड़े प्रतिवादियों की बहस के लिए 15 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता कुमार हर्ष ने याचिका को मेंटेनेबल (सुनवाई योग्य) बताया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला दिया और कहा कि झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल एक्ट के प्रावधान के मुताबिक, ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट के डबल बेंच में सुनवाई की जा सकती है। वहीं उनकी ओर से अदालत में मामले से संबंधित कुछ दस्तावेज भी पेश किए गये।

### तेजाब हमले की शिकार नाबालिग के इलाज का खर्चा राज्य सरकार को उठाने का आदेश

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को उस 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के पुनर्वास एवं उपचार के लिए उठाये गये कदमों की जानकारी देने को कहा है जिसे कथित रूप से जबरन तेजाब पिलाया गया था। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति आनंद सेन की खंडपीठ ने राज्य सरकार और राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि लड़की का इलाज सरकार वहन करे। खंडपीठ इस मामले की जनहित याचिका के रूप में स्वत: लेकर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 10 मई को होगी।

### हाइकोर्ट में हाजिर हुईं गृह सचिव वंदना डाडेल

रांची। झारखंड में मॉडर्न जेल मैनुअल बनाने के लिए हाईकोर्ट द्वारा लिए गए स्वत: संज्ञान पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य की गृह सचिव वंदना डाडेल कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुईं। इस दौरान अदालत ने उनसे पूछा कि अब तक जेल मैनुअल क्यों नहीं बना है? जिस पर सचिव ने अदालत को आश्वस्त किया कि 2 माह में झारखंड का नया जेल मैनुअल बनकर तैयार हो जाएगा।

### टीपीसी एरिया कमांडर नथुनी की बेल पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

रांची। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी (तृतीय सम्मलेन प्रस्तुति कमिटी) के लातेहार एरिया कमांडर नथुनी जी उर्फ नथुनी सिंह की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट अब एक सप्ताह बाद नथुनी जी की बेल पर सुनवाई करेगा।

## मनी लांड्रिंग के आरोपी राजीव कुमार व अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी वकील राजीव कुमार एवं कारोबारी अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज अर्जी अदालत ने खारिज कर दी है। इससे दोनों की मुश्किलें बढ़ गई । मामले में अब दोनों के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी। अदालत ने इसके लिए 19 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। अदालत ने 27 मार्च को दोनों की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को ईडी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा ने अपना फैसला सुनाया। दोनों ने आरोप गठन से पूर्व मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए अदालत में आरोप मुक्त करने की अर्जी दाखिल की है। अमित अग्रवाल ने 22 फरवरी को एवं राजीव कुमार ने 23 फरवरी को अर्जी दाखिल की थी। जानकारी हो कि अमित अग्रवाल की शिकायत पर कोलकाता पुलिस ने राजीव कुमार को 50 लाख नकदी के साथ 31 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। 10 अगस्त को इस केस में रांची में ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का केस दर्ज किया था। ईडी ने मामले में दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। पुलिस पेपर भी दिया जा चुका है।

## प्रदेश कांग्रेस ने पोस्टकार्ड भेज पीएम से मांगे पांच सवालों के जवाब

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राहुल गांधी की सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस पार्टी बीजेपी के खिलाफ आर-पार की लड़ाई के मूड में है। कांग्रेस अडाणी मामले में भाजपा को घेरने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होने, अडानी के साथ प्रधानमंत्री के साथ संबंध, महंगाई, बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेज जवाब मांगा है। जिसमें अडानी से आपके क्या रिश्ते हैं?,अडानी ने अब तक भाजपा को कितने करोड़ का चंदा दिया?, आप अडानी मामले में जेपीसी का गठन क्यों नहीं कर रहे हैं?, देश में महंगाई कब कम होगी?, आपके विदेश दौरे के बाद अडानी को कितने ठेके मिले? प्रदेश कांग्रेस ने पोस्टकार्ड भेज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पांच सवालों के जवाब मांगे हैं। इस संबंध में प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार संसद में मनमानी कर रही है, जिससे दुनिया के सबसे बड़ा लोकतंत्र खतरे में है। तानाशाही ढंग से विरोध की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इससे डरनेवाली नहीं है। कांग्रेस प्रधानमंत्री के खिलाफ 140 करोड़ जनता की आवाज बनकर देश में लोकतंत्र को बचाएगी। राकेश सिन्हा ने कहा कि यह बिडंबना है कि फिल्मी अभिनेत्रियों की शादी की शुभकामनाएं प्रधानमंत्री ट्विटर के माध्यम से दे देते हैं। वहीं जेपीसी का गठन नहीं करने से संबंधित सवालों का जवाब देने से परहेज कर रहे है। इससे सवाल खड़ा होता है कि अडानी के साथ प्रधानमंत्री के रिश्ता क्या है।

## विस में दी गयी जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि, आज आयेगा पार्थिव शरीर



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार के मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में गुरूवार को विधानसभा परिसर में अपरा? साढ़े 12 बजे शोक सभा का आयोजन कर विधान सभा सचिवालय में अवकाश घोषित कर दिया गया। इस अवसर पर विधायक विनोद सिंह, नलिन सोरेन, विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद हैदर आदि उपस्थित थे। उनका पार्थिक शरीर को अंतिम दर्शन के लिये शुक्रवार की सुबह आठ बजे झारखंड विधानसभा लाया जायेगा।

## भाजपा के 43 वर्ष संघर्ष, सफलता व राष्ट्र सेवा से परिपूर्ण : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर अंत्योदय सफल हो सकता है। श्री प्रकाश गुरूवार को पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। इसके पहले श्री प्रकाश ने पार्टी का ध्वज फहराया और अपने संस्थापक सदस्यों दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 43 साल से संघर्ष, सफलता व राष्ट्र सेवा से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नेशन फर्स्ट हमारी प्रतिबद्धताओं की मूल में है। उन्होंने




कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी कार्यकर्ता सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, अंत्योदय के साथ भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने के लिये संकल्पित हैं। जनता को भाजपा की नीतियोंएकार्यक्रमों और नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। इसके बाद कार्यकर्ताओं संग प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश व संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पीएम मन की बात कार्यक्रम सुना।

इस अवसर पर आशा लकड़ा, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, गंगोत्री कुजूर, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, सूरज चौरसिया, महेश पोद्दार, सुमन कुमार, पंकज सिन्हा,राजश्री जयंत,यदुनाथ पांडेय,शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, रवि भप्त, आरती कुजूर, संजीव विजय वर्गीय, सीमा शर्मा, सत्यनारायण सिंह,राकेश भास्कर, उमाशंकर केडिया, रविनाथ किशोर, प्रेम मित्तल, अशोक बड़ाइक, उषा पांडेय, सोना खान, तारिक इमरान, रमेश सिंह, जयश्री इंदवार, मुनचुन राय, अरुण झा, पुनीता राय, लक्ष्मी कुमारी, गोपाल सोनी,इंद्रजीत यादव, अरविंद तिवारी, संजय सहाय, सुबोध कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बैग में थे 6.53 करोड़ रुपये कैश को पुलिस ने किया सीज

**गुमला में नोट बरामदगी मामला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। गुमला पुलिस ने नोटों से भरे जिस पांच बैग को गुप्ता बस से बरामद किया था। उसका खुलासा गुमला पुलिस ने कर लिया है। इस मामले में गुमला पुलिस ने मौके वारदात से मो फरीद नामक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार मो फरीद ने पुलिस को बताया कि उक्त राशि दिल्ली के एक स्वर्ण व्यवसायी की ऑफिस से उनके एक कर्मचारी विशाल मंडल और मो कैफ के साथ लेकर भागा था। उनलोगों को जल्द ही करोड़पति बनना था, इसलिए उन्होंने इस तरह की घटना को अंजाम दिया। रांची से गई इनकम टैक्स की इंवेस्टिगेटिव टीम गुमला पहुंची और गुरूवार दोपहर दो बजे तक नोटों की गिनती पूरी की। बताया गया कि बैग में छह करोड़ 53 लाख, 97 हजार, 930 रुपये थे।

22 वर्षीय मो फरीद ने पुलिस को बताया कि वह ओड़िशा के राउरकेला स्थित काली मंदिर रोड का रहने वाला है, जबकि उसके दो साथी भागने में सफल रहे हैं।

### नक्सलियों को डेटोनेटर सप्लाई करने के मामले में दो से पूछताछ

रांची। पश्चिम बंगाल में विस्फोटक और डेटोनेटर की सप्लाई करने के आरोप में बोकारो निवासी मेराजुद्दीन अली खान और बीरभूम निवासी मीर मोहम्मद नुरुज्जमां को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद आरोपियों को एनआईए ने रिमांड पर लेकर पूछताछ किया है। बोकारो निवासी मेराजुद्दीन अली खान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और जिलेटिन छड़ों की आपूर्ति की थी। वही मीर मोहम्मद नुरुज्जमां ने अमोनियम नाइट्रेट की आपूर्ति की थी पुलिस को पूछताछ में एनआइए को कई अहम जानकारी मिली है। ज्ञात हो कि जून 2002 में एक एसयूवी से एसटीएफ ने 81000 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया था।

स्पीड न्यूज

## शहीद रघुनाथ महतो सत्याग्रह आंदोलन करेगी कुड़मी सेना



जमशेदपुर। कदमा स्थित एलआईसी मैदान में कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो के नेतृत्व में कुड़मी सेना की बैठक हुई, जिसमें डोबो पुल विवाद मामले में चर्चा हुई। वक्ताओं ने डोबो पुल का नामकरण शहीद रघुनाथ महतो के नाम पर किये जाने पर कुछ लोगों के विरोध को अफसोसजनक बताया। जल्द ही आपसी विचार विमर्श के बाद रघुनाथ महतो सत्याग्रह आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान राज्य के मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक जताया गया। कहा गया कि दो दिनों तक इस मामले में कोई आंदोलन नहीं होगा। उसके बाद पुल के समीप जोरदार तरीके से विरोध जताया जाएगा। बैठक में विशाल, दिनेश महतो, देवाशीष महतो, दीपक महतो, भूपेन महतो, सुकुमार महतो, तपन महतो, गुरूपदो महतो, संदीप महतो, प्रशांत महतो, सीताराम महतो, बिष्णु देव महतो, मनोज महतो, बाजीनाथ महतो, सुभाष महतो, आनंद महतो, धनंजय महतो, सुशेन महतो, संदीप महतो, सुब्रतो महतो, रतिकांत महतो, सुखदेव महतो, अशोक महतो, सोमू महतो, उमापदो महतो, दयामय महतो, राजेश महतो, विकाश महतो, विनोद महतो सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेस कोल्हान प्रवक्ता राकेश तिवारी को खरसावां विधानसभा का मिला प्रभार

जमशेदपुर। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कोल्हान मे भारत जोड़ो सत्याग्रह यात्रा के सफलता एवं आगामी 8 मार्च को एआईसीसी के महासचिव एवं झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे के कोल्हान दौरे को लेकर खरसावां विधानसभा प्रभारी सनी टोप्पो को बदल कर प्रदेश कांग्रेस के सचिव कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी को खरसावां विधानसभा का प्रभार सौंपा गया एवं खरसावां विधानसभा में संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस से आवश्यक दिशा निर्देश तिवारी को प्रेषित किए गए तिवारी के मनोनयन कोल्हान के कांग्रेसियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने एक अनुभवी नेता को प्रभारी बनाया है। कोल्हान मे प्रभारी का दौरा एतिहासिक होगा।

## बागबेडा में रेड क्रॉस सोसाईटी का नेत्र शिविर 8 अप्रैल से

जमशेदपुर। अप्रैल महीने में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा तीन दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन करेगा, जिस कड़ी में 8 से 10 अप्रैल 2023 तक भजन संध्या सोनारी महिला टीम के संयोजन में नेत्र शिविर का आयोजन बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में किया जायेगा, जिसमें 8 अप्रैल को दिन में 11 बजे से नेत्र रोगियों का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा, नेत्र रोगियों के आंखो की जांच चिकित्सक एवं उनके सहयोगी टीम द्वारा दोपहर 1 बजे की जायेगी, चयनित नेत्र रोगियों के स्वास्थ्य जांच कर उपयुक्त मरीजों को ऑपरेशन के लिए भर्ती ले लिया जायेगा। रविवार 9 अप्रैल को आंखों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा की जायेगी। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह ने सक्रिय कार्यकर्ताओं से जरूरतमंद लोगों को शिविर तक पहुंचने में मदद का आग्रह किया है।

## कदमा स्थित रंकिनी मंदिर में हनुमान जयंती समारोह संपन्न



जमशेदपुर। कदमा स्थित रंकीनी मंदिर में वीर हनुमान जी की जयंती काफी धूमधाम से मनाई गई। उक्त अवसर पर श्रद्धालुगण भगवान हनुमान जी की आरती एवं पूजा अर्चना में भाग लिए, तत्पश्चात खीर एवम लड्डू का भोग लगाकर उसे श्रद्धालुओ में बांटा गया। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के महासचिव जनार्दन पांडेय ने कहा कि भगवान वीर हनुमान जी का सुंदरकांड पाठ भी पंडितों द्वारा संपन्न कराया गया।

## समाहरणालय सभागार में शोक सभा



जमशेदपुर। जगरनाथ महतो, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड के निधन पर समाहरणालय सभागार में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गयी । जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस

# पूर्व सीएम रघुवर दास ने अपने एग्रिको आवास पर लगाया भाजपा का ध्वज

● बागुनहातु में विभिन्न कार्यक्रम में हुए हुए शामिल, दीवार लेखन और चुनाव चिन्ह कमल पुष्प का किया पेंटिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को पूर्वी विधानसभा अंतर्गत बारीडीह मंडल के बागुनहातु क्षेत्र के सीपी क्लब में मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्षों, पन्ना समिति के सदस्यों के संग भाजपा का 44वां स्थापना दिवस मनाया। बागुनहातु स्थित सीपी कल्ब सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा के ध्वज का ध्वजारोहण कर सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उद्बोधन को बड़े एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यकर्ताओं व आमजनों के संग सुना। इसके बाद उन्होंने दीवार लेखन कार्यक्रम के तहत पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल पुष्प को पेंट किया। उन्होंने कुची का प्रयोग कर पेंट से दीवार पर कमल के फूल की प्रतिकृति को उकेरा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी समेत हमारे महापुरूषों ने स्वाबलंबी और समृद्ध भारत बनाने की सोच के साथ भारतीय जनता पार्टी का गठन किया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं के तप को नमन करता हूं। इस अवसर पर संजीव सिंह, भूपेंद्र सिंह, सुशांत पांडा, टुनटुन सिंह, जिला महामंत्री राकेश सिंह, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर, कुमार अभिषेक, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, काजू सांडिल, पूरी राव, जीवन साहू, कंचन दत्ता, ओम पोद्दार, पोरेश कालिंदी, विकेश सिंह , प्रवीण सिंह ,पंकज प्रिय, विजय साहू, पुष्पेंद्र सिंह, राजेश राय, प्रमिला साहू, सरस्वती साहू, मुक्ता नामाता, रंजीत सिंह, राजेश गोस्वामी समेत अन्य उपस्थित थे।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्डवाना प्लेस, कॉंके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in." के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## अमरप्रीत सिंह काले ने लड्डू बांट कर किया खुशी का इजहार



भाजपा के 44 वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने साकची कालीमाटी रोड़ पर स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं आम जनता के बीच लड्डू वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर काले ने कहा कि भारत की उन्नति के संकल्प को समर्पित भारतीय जनता पार्टी एक प्रखर विचार है, एक गहन सोच है, एक मजबूत परिवार है। वटवृक्ष रुपी भाजपा दशकों से डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख, कुशाभाऊ ठाकरे, अटल बिहारी वाजपेयी, मुरली मनोहर जोशी, लालकृष्ण आडवाणी जैसे अनेकों महापुरुषों के तप, त्याग और परिश्रम से अभिसिंचित हो कर आज देश के हर गांव, हर जिले, हर प्रदेश में पहुंच पायी है। हमारा सौभाग्य है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नित नए आयाम छू रही है। आइए हम सभी मिलकर एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें।

# 8 को कांग्रेस की जय भारत सत्याग्रह यात्रा में जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्तागण होंगे शामिल

## झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पाण्डेय का आगमन 8 अप्रैल को

›› जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम के 18 प्रखण्ड, 46 मण्डल, 231 पंचायत, बुथ और ग्राम स्तर तक के कांग्रेस कार्यकर्तागण शामिल होंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो



प्रेस वार्ता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे।

जमशेदपुर। प्रेस वार्ता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के माननीय प्रभारी अविनाश पाण्डेय का आगमन जमशेदपुर में दिनांक 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 'जय भारत सत्याग्रह यात्रा' के तहत हो रहा है। कार्यक्रम का आयोजन टाऊन हॉल सिदगोड़ा में आयोजित होगा। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएलपी लीडर आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री डॉ रामेश्वर उराव, मंत्री बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की पूर्व मंत्री, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, राकेश्वर पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष इंटक, प्रदेश चेयरमैन आदिवासी कांग्रेस जसाई मार्डी सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम के 18 प्रखण्ड, 46 मण्डल, 231 पंचायत, बुथ और ग्राम स्तर तक के कांग्रेस कार्यकर्तागण शामिल होंगे। अतिथियों के स्वागत में शहर में तोरण द्वार, बैनर, पोस्टर एवं चौक चौराहे को सजाया जा रहा है। प्रेसवार्ता में एआईसीसी सदस्य रामाश्रय प्रसाद, सुबोध सिंह सरदार, प्रदेश सचिव सामंता कुमार, के के शुक्ल, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, दिबेश राज, अतुल गुप्ता, अजय मिश्र, सीताराम चौधरी, ज्योति मिश्र, सुदर्शन तिवारी, सन्नी सिंह शामिल रहे।

## झारखंड के शिक्षा मंत्री के निधन पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय में शोक सभा का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। गुरुवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में श्रीनाथ विश्वविद्यालय तथा श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभी विद्यार्थी तथा सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। शोक सभा की समाप्ति पर श्रीनाथ विवि के प्रति कुलाधिपति गुरुदेव महतो ने कहा कि यह झारखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के पास झारखंड में शिक्षा को आगे ले जाने के लिए तथा यहां के युवाओं के लिए एक विस्तृत योजना थी, जिन्हें आने वाले समय में वह अवश्य पूरा करते साथ ही झारखंड के विद्यार्थियों को उनसे बहुत अधिक उम्मीदें थी। कुलपति डॉ. गोविंद महतो ने कहा कि हमारे शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के इस तरह से चले जाने से पूरा झारखंड स्तब्ध है और झारखंड ने अपना एक लोकप्रिय नेता खो दिया है।

## जुस्को स्कूल कदमा में ग्रेजुएशन नाइट का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। जुस्को स्कूल कदमा स्थित कुड़ी मोहंती ऑडिटोरियम में में गुरुवार को कक्षा बारहवीं के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जेम फाउंडेशन के एडमिनिस्ट्रेटर एएफ मदन उपस्थित रहे। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य झुमझुमी नंदी, प्रधानाचार्य आनिंदिता रॉय, जूनियर कोऑर्डिनेटर सीमा तिवारी सहित विद्यालय की तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं वहां उपस्थित रहे। विद्यालय की छात्रा डोना साहा ने अपने विद्यालय की तमाम अच्छी बातों को दर्शकों के साथ साझा किया। जबकि विद्यालय के अभिभावक के रूप में पधारे मोहंती ने अपने विचार प्रकट किए। विद्यार्थियों को उनकी वर्ष भर की उपलब्धियों के लिए प्रिंसिपल अवार्ड से भी नवाजा गया।

## हनुमान आरती में शामिल हुए रघुवर दास



जमशेदपुर। सूर्य धाम सिधगोरा में श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज संध्या में महाआरती का आयोजन हुआ जिसमे मुख्य यजमान के रूप में मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक श्री रघुवर दास जी ने सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोचार के साथ श्री हनुमान जी का विधिवत पूजन किया, तत्पश्चात आरती हुई। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री ड्डूपेंद्र सिंह,महामंत्री श्री अखिलेश चौधरी, मंदिर समिति के सड्डी पदाधिकारी, ड्डाजपा महानगर के अध्यक्ष श्री गुन्जन यादव, जिला मंत्री श्री राकेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार, श्री खेम्लाल चौधरी,टुनटुन सिंह एवं आस पास से काफी संख्या में ड्डाक्तों ने हिस्सा लिया। महाआरती के उपरांत ड्डाक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

## पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप मुरारका ने लिखा बिहार सरकार के मुख्यमंत्री को पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। बिहार में जाति आधारित गणना में अलग-अलग जातियों की पहचान के लिए 214 अंकों के जरिए अलग-अलग कोड तैयार किए गए हैं। जिनके आधार पर जनगणना होंगी और भविष्य में जातियों की पहचान की जाएगी। नोटिफिकेशन में बाकायदा थर्ड जेंडर के लिये भी अलग कोड संख्या 22 एवं सन्यासी के लिये कोड संख्या 51 निर्धारित की गई है। ईसाई में तो वर्गीकरण तक किया गया है कि हरिजन ईसाई की कोड संख्या 9 और ओबीसी ईसाई की कोड संख्या 10 होगी। वर्गीकरण के दौरान मेहतर और भंगी, मोची और चर्मकार, रविदास और रबिदास जैसे समान शब्दों को भी समावेश करने का ध्यान रखा गया है। परंतु ना जाने क्यूं जानबुझ कर या अनजाने में अग्रवाल, महेश्वरी, खंडेलवाल, ओसवाल, जैन, राजस्थानी सोनार, मारवाड़ी ब्राह्मण जाति की अनदेखी की गई है। बिहार राज्य में 'अग्रवाल जाति' की बड़ी जनसंख्या है। अतएव अठारह गोत्रिय अग्रवालों के लिये अलग कोड का निर्धारण सुनिश्चित किया ही जाना चाहिये था। पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष संदीप मुरारका, महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, कोषाध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, उपाध्यक्ष सन्नी संघी एवं कमल किशोर अग्रवाल, अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महासचिव महेश भाऊका ने बिहार सरकार के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि अठारह गोत्रिय अग्रवाल, महेश्वरी, खंडेलवाल, ओसवाल, जैन, राजस्थानी सोनार, मारवाड़ी ब्राह्मण जातियों का स्पष्ट वर्गीकरण करते हुये अलग अलग कोड निर्धारण किये जाए।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद का द्विदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह 8 व 9 अप्रैल को

बौद्ध मंदिर मैदान, साकची के प्रांगण में किया जा रहा है। आयोजन के हकार (आमंत्रण) को घर घर तक पहुंचाने के लिये विद्यापति रथ प्रस्थान किया जा रहा है,

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के तत्वावधान में द्विदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 8 और 9 अप्रैल 2023 को बौद्ध मंदिर मैदान, साकची के प्रांगण में किया जा रहा है। आयोजन के हकार ( आमंत्रण) को घर घर तक पहुंचाने के लिये विद्यापति रथ प्रस्थान किया जा रहा है, जिससे आयोजन से सम्बंधित सूचना हर घर तक पहुंच सके।

रथयात्रा समारोह के अतिथि में के एन मिश्र, पूर्व पुलिस उपाधिक्षक, बिजय खां, पूर्व कांग्रेस, जिलाध्यक्ष, सहित समाजसेवी एम सी मधुकर शामिल हुए। विद्यापति प्रचार रथ शहर के कोने कोने में जाकर सभी मैथिल भाषा भाषियों सहित आमजन को समारोह का हकार देंगे। आयोजन संध्या 5 बजे से आरम्भ होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इस सांस्कृतिक महाकुंभ में दिल्ली से मैथिली के प्रसिद्ध गायक विकास झा और अनामिका झा, दरभंगा से अरविंद सिंह, कंचन पांडेय, पंकज झा, शंकर नाथ झा सहित अनेक स्थानीय कलाकार भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही उद्घोषणा एवं हास्य के लिए कृष्णा मिश्रा अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। समारोह में आनंद मेला का आयोजन किया गया है, जिसमे मैथिल खान - पान सहित, विभिन्न तरह के अनेक स्टाल रहेंगे। मैथिली प्रेमियों के लिए अनेक मैथिली किताब, सी डी, केसेट, पाग, मिथिला पेंटिंग सहित अनेकानेक स्टाल रहेंगे। जिससे आप मिथिला की पारंपरिक समान खरीद पायेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष शिशिर झा, महासचिव सुजीत कुमार झा, कोषाध्यक्ष अमर कुमार झा, उपाध्यक्ष मोहन ठाकुर, पंकज रॉय, अशोक मिश्र, रंजीत झा बागबेड़ा, राजेश झा सिदगोरा, बबलू झा, शिव चंद्र झा, अनिल झा आदित्यपुर, राजेश झा जेम्को, पंडित बिपिन झा, सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग और सम्पूर्ण कार्यसमिति लगे हुए हैं।

खबर एक नजर में

## शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर अरका जैन विश्वविद्यालय में शोक सभा का आयोजन

जमशेदपुर। अरका जैन विश्वविद्यालय ने झारखण्ड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। कुलपति प्रो एसएस रजी, निदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव, निदेशक-परिसर सह छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ अंगद तिवारी, कुलसचिव सह सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारीगण समेत सभी ने २ मिनट का मौन पालन किया। कुलपति ने कहा कि जगन्नाथ महतो झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के प्रति काफी गंभीर थे। अमित श्रीवास्तव ने गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा कि जगन्नाथ महतो ने व्यक्तिगत रूचि के साथ विभाग और मंत्रालय के लिए काम किया और व्यवस्था में सुधार के लिए अथक प्रयास किया। सभा के अंत में विवि में दो दिन का अवकाश घोषित किया गया।

## बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्र का हुआ प्लेसमेंट




जमशेदपुर। बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र मोहम्मद इरफान अंसारी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अग्रणी कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स क्रॉस इंडिया लिमिटेड में हुआ है। इरफान का कार्य क्षेत्र जमशेदपुर होगा। इसकी लिखित परीक्षा 16 मार्च और साक्षात्कार 18 मार्च को संपन्न हुआ था। मोहम्मद इरफान अंसारी की सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी राहुल सिंह एवं कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने उन्हें बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं।

## प्रजापति भवन में नीरज की याद में रक्तदान शिविर आयोजित, 36 यूनिट रक्तदान



जमशेदपुर। प्रजापति भवन काशीडीह कुम्हारपाड़ा में नीरज की याद में नीरज येस डैड मेमोरियल फाउंडेशन के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान शिविर का उद्घाटन झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कर कमलों द्वारा व झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष चंद प्रजापति के गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अपने संबोधन में रघुवर दास से रक्तदान करने आए सभी रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया साथ ही रक्तदान को महान कार्य बताया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से शिविर संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में कुल 36 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। शिविर को सफल बनाने में हरिशंकर पंडित, पवन, हरि सिंह राजपूत, कालिका राय, रामायण प्रसाद ,सिद्धनाथ प्रसाद, अशोक शर्मा, राहुल मिश्र, धर्म देव प्रसाद, राज देव, प्रसाद, डॉक्टर सुरेश प्रजापति मिंटु पंडित, मुन्ना, भारत भूषण बासुदेव प्रसाद, कमलेश कुमार वीरेन्द्र कुमार, सहित रेड क्रॉस के श्री डी के घोष, समीर सरकार, ब्लड बैंक के डॉक्टर आर कुमार, अनिल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर का आयोजन झारखंड कुम्हार कल्याण संघ के संस्थापक सह प्रदेश अध्यक्ष इंद्र देव प्रसाद के नेतृत्व में हुआ।

## सविंदर कौर गुरु अमरदास स्मृति सम्मान प्रतीक से होंगी सम्मानित




जमशेदपुर। विगत कई वर्षों से गुरुद्वारा साहिब और संगत की सेवा कर रही बुजुर्ग सविंदर कौर को बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बैसाखी खालसा सृजना दिवस के मौके पर श्री गुरु अमरदास जी स्मृति प्रतीक चिन्ह से सम्मानित करेगी। उक्त जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सुखविंदर सिंह ने दी है। प्रधान कुलविंदर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह तय हुआ कि 12 अप्रैल बुधवार को श्री अखंड पाठ शुरू होगा जिस का समापन 14 अप्रैल बैसाखी के दिन होगा। 12 अप्रैल को निशान साहिब के चोला साहिब की सेवा वास्तु विहार निवासी सतवंत सिंह परिवार की ओर से होगी और पाठ की सेवा जितेंद्र सिंह परिवार देंगे। उन्होंने बताया कि भाई जसपाल सिंह छाबड़ा, भाई हरप्रीत सिंह कीर्तन और इतिहास श्रवण कराएंगे। पिछले 1 साल से कमेटी के सेवा दे रहे सेवादार भी सम्मानित किया जाएंगे। स्त्री सत्संग सभा लंगर एवं सफाई में सहयोग देगी। बैठक में डिप्टी प्रधान संदीप सिंह सोनू, कुलदीप सिंह ज्ञानी, महासचिव जसवंत सिंह, अवतार सिंह सोखी, चेयरमैन करतार सिंह, पूर्व प्रधान जसपाल सिंह, बलविंदर सिंह, सविंदर सिंह, साधु सिंह, बलदेव सिंह हजूरी ग्रंथी निरंजन सिंह, अवतार सिंह, स्त्री सत्संग सभा प्रधान दलविंदर कौर सचिव बलविंदर कौर मनजीत कौर मनप्रीत कौर मनजीत कौर निर्मल कौर आदि ने अपने विचार रखे।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व चित्तरंजन मुखर्जी तथा शहीद सैनिकों की स्मृति मे रक्तदान शिविर 8 अप्रैल को



जमशेदपुर। स्वतंत्रता सेनानी स्व. चित्तरंजन मुखर्जी (चित्तो दा) तथा शहीद सैनिकों की स्मृति मे रक्तदान शिविर का आयोजन 8 अप्रैल को रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम में किया जायेगा। मानद सचिव विजय कुमार सिंह, लॉयन्स सुदिप्तो मुखर्जी तथा पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील सिंह ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि रेड क्रॉस भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में लॉयन्स क्लब ऑफ जमशेदपुर नार्थ के साथ झारखंड पूर्व सैनिक सेवा परिषद की पूरी टीम भाग लेगी। रक्तदान शिविर में नियमित रक्तदाता भी रक्तदान कर सकेंगे, जिन्हे एसएमएस के माध्यम से सूचना दे दी गयी है। अप्रैल माह रक्त जरूरत को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण समय है, जब मई एवं जून की गर्मी के लिए रक्त संग्रहित किया जाता है। रक्तदाताओं से आग्रह है कि वे बड़ी संख्या में रक्तदान कर मई एवं जून के लिए आवश्यक रक्त की मात्रा संग्रहित करने में रेड क्रॉस सोसाईटी की मदद करें ताकि हर जरूरतमंद को समय पर रक्त मिल सके।

## भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णा सिंह नही रहे



जमशेदपुर। भारतीय मजदूर संघ,पूर्वी सिंहभूम के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णा सिंह ने आज बिहार मुजफ्फरपुर में अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना पाकर मजदूरों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उन्होंने अपनी जीवन छात्र नेता से शुरूआत की और भारतीय मजदूर संघ में जिला अध्यक्ष पर उन्होंने सेवा दिया। विगत 1 साल पहले उनका ब्रेन हेमरेज हो गया था तब से वह बीमार चल रहे थे और अपने पैतृक आवास मुजफ्फरपुर में मेरे रहते हैं। उनके तीन भाई है उन्होंने हमेशा मजदूर की आवाज को सरकार तक पहुंचाने में कार्य किए हैं। मजदूरों के पेमेंट को बैंक के माध्यम से भुगतान कराने में उनका एक अहम रोल है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अमित सिंह ने कहा कृष्णा सिंह मजदूर नेता के रूप में लो नगरी में स्थापित हो चुके थे। उनका चला जाना मजदूरों के लिए दुखदाई है। हमारे लिए बहुत बड़ा क्षति है। वह टाटा मोटर्स में बाई सिक्स मजदूर के रुप में कार्यरत थे।

# झारखंड आंदोलनकारी जगरनाथ महतो जुझारू, कर्मठ और लोकप्रिय नेता थे

## शिक्षा मंत्री के निधन से पूरे राज्य में शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** गुरुवार को झारखंड के शिक्षा मंत्री महान आंदोलनकारी धरतीपुत्र टाइगर जगन्नाथ महतो की आकस्मिक निधन की खबर सुनकर पूरा कोयलांचल मर्माहत है। झारखंड सहित पूरे कोयलांचल में शोक की लहर है। वहीं झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की निधन की खबर पर शोक प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद जिला पूर्व अध्यक्ष रमेश टूडु, अरुणव सरकार, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह अमितेश सहाय जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह कांग्रेस के नेता अशोक लाल विधायक राज सिन्हा धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा देवी भाजपा नेत्री रागनी सिंह पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा, कांग्रेस नेता जलेश्वर महतो झामुमो बाघमारा अध्यक्ष मोहम्मद अजमुल अंसारी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतीलाल टूडू, झंटु त्रिगुणायत आमिर खान, झामुमो नेता बबलू अंसारी झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा कंचन महतो युवा नेता दिनेश महतो, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष महतो, जावेद रजा, अयोध्या सिंह प्रेस क्लब कतरास के संरक्षक उमेश श्रीवास्तव अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान महासचिव बिनोद रजक, कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे सहकोषाध्यक्ष जितेंद्र पासवान डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान के अध्यक्ष अशोक चौरसिया, शिवेश विश्वकर्मा पंकज सिन्हा जीएनएम दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर जायसवाल सचिव मुकेश भट्ट विक्की मालाकार मोना महतो शिव प्रसाद महतो सुबोध चौरसिया कांग्रेस ओबीसी बाघमारा के आदिल अली लोयाबाद कांग्रेस नेता राज कुमार महतो एवं असलम मंसूरी, झामुमो बाघमारा प्रखंड उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान, झामुमो नेता कारु यादव, वार्ड संख्या 2 छाताबाद के समाजसेवी औरंगजेब खान, जागो संस्था के प्रमुख चुन्ना यादव, आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो, तोपचाची के समाजसेवी मोहम्मद इकरामुल झामुमो नेता पान बाबू अंसारी, झामुमो नेता सुनील रजक, पूर्व जिप सदस्य हीरामन नायक अब्दुल रऊफ अंसारी ,छोटन अंसारी आदि लोग शामिल हैं। सभी ने जगन्नाथ महतो के निधन को झारखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है।

### जगरनाथ महतो के निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति



### शिक्षा मंत्री के निधन पर बेरमो में शोक की लहर

**बेरमो/ ललपनिया।** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का गुरुवार सुबह निधन हो गया है। उनके निधन पर दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतोए पूर्व मंत्री माधव लाल सिंहए धवेया मुखिया सह मुखियासंघ के अध्यक्ष तेजलाल महतो होसिर पश्चिमी मुखिया पार्वती देवीए मुखिया सावित्री देवीए मुखिया रामबृक्ष मुर्मूए मुखिया ममता देवीए मुखिया राजेश रजवार, मुखिया बबलू हेम्ब्रमए पंसस शांति हासदाए मुखिया शोभा देवीए मुखिया मुरली देवीए मुखिया बलराम रजक सहित तमाम राजनीतित दलों तथा झामुमो कार्यकताओं व समाजिक संगठनों ने शौक व्यक्त करते हुए श्रधांजलि दी। शौक व्यक्त कताओं ने कहा की टाइगर जगरनाथ दा झारखण्ड के एक महान आंदोलनकारीए जुझारू एवं कर्मठ और जनप्रिय नेता थे।उनके निधन होजाने से काफी दु:खी हूँ परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। मंत्री जगरनाथ महतो के निधन हो जाने से राज्य की बहुत बड़ी क्षति है।

### मंत्री के निधन पर कतरास में शोक की लहर

**कतरास।** गुरुवार को झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी का चेन्नई में निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। जगरनाथा दा का निधन की सुचना मिलते ही क्षेत्र में शोक का लहर दौड़ गई। इस दुखद समाचार सुन कर श्यामडीह स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में शोक सभा आयोजन किया गया। इसमें 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। इस अवसर पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। जगरनाथा दा झारखंड के आंदोलनकारी, जुझारू, कर्मठ और लोकप्रिय नेता थे। इनके निधन से झारखंड में एक अच्छा संघर्षशील नेता को खो दिया। जदयू और यूथ फोर्स परिवार इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करती है। शोक सभा में बालमुकुंद प्रसाद सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा,हीरालाल तुरी, उमेश महतो, सुभाष सिंह, डॉक्टर नवीन कुमार नवीन, मोहम्मद जमशेद अंसारी, मो शबीर, छोटू सिंह, विश्वकर्मा शर्मा, पंकज कुमार सिंह, बालमुकुंद प्रसाद, मोहम्मद सोनू , रवि शर्मा, मोहम्मद सरफुद्दीन, उमेश ठाकुर, मोहम्मद नौशाद, राहुल महतो, मोहम्मद सिराजुद्दीन अंसारी, मौजूद थे।

### बोकारो में शोक संवेदनाओं का लगा तांता

**बोकारो।** झारखंड सरकार के शिक्षा एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर बोकारो जिले में शिक्षा जगत के अलग .अलग संस्थानोंए विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक प्रकट किया है। इसी क्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिरए झारखंड . 2 शिक्षक संघए सरस्वती शिशु मंदिर आदि शैक्षणिक संस्थानों एवं राजनितिक सामाजिक संस्थाओं ने मंत्री जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने भी इलाज के दौरान चेन्नई में झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सांसद ने जगरनाथ महतो को जमीन से जुड़ा हुआ नेता बताते हुए कहा कि जगरनाथ महतो हमेशा लोगों के बीच रहने वाले आम जनों की आवाज को लेकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने वाले नेता थे। यह झारखंड की राजनीति में बड़ा खालीपन हैए जिसे शायद ही आने वाले दिनों में कोई भर सके।

## स्पीड न्यूज

### शिक्षा मंत्री के निधन पर अनुमंडल कार्यालय में शोक सभा

**धनबाद।** जगरनाथ महतो, माननीय मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड के आसामयिक निधन पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार तिवारी के नेतृत्व में अनुमंडल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सहित अनुमंडल कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### डीएवी स्कूल मुख्यालय निदेशक आज आयेंगे सिंदरी

**सिन्दरी।** राष्ट्रीय बेस्ट टीचर व बेस्ट इंस्पायरिंग पर्सन रहे डीएवी पब्लिक स्कूल मुख्यालय नई दिल्ली के निदेशक डॉ जे पी शूर शुक्रवार की शाम डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी में आने की सूचना स्कूल प्रबंधन ने जारी की है। बोकारो से देवघर जाने के क्रम में उनका प्रवास सिन्दरी में होगा। डॉ जे पी शूर कई बड़े अवार्डों से अलंकृत किए गए हैं। वर्ष 1992 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह ने बेस्ट टीचर स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया था। वर्ष 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम पंडित शंकर दयाल शर्मा ने राष्ट्रीय बेस्ट टीचर अवार्ड से सुशोभित किया था।

### ट्रेंच कटिंग कर आग को बुझाने का प्रयास

**केंदुआ।** गोधर रीजनल स्टोर के पीछे पुराना बंद पड़े 4 नंबर खदान से आग और धुआँ देख आस पास के ग्रामीणों ने इसकी सुचना बीसीसीएल अधिकारी को दी थी .सुचना पर गुरुवार को न्यू गोधर कुसंडा कोलियरी के अधिकारी मौके पर पहुँचे .मौके पर ग्रामीण एवं मासास नेता हरिप्रसाद पप्पू ने अधिकारियो को आग और धुआँ निकला रहे स्थल का मुआयना कराया. जिसके बाद बीसीसीएल अधिकारी ने पेलोडर मंगा कर ट्रेंच कटिंग और भराई का काम शुरू किया गया .जिससे आग पर काबू पाया जा सके .मौके पर दिलेर अली, असलम मिया, दिलीप महतो, अखिलेश महतो, अविनाश महतो आदि मौजूद थे।

### कृपाशंकर सिंह बने कोयला भवन जमसं के सहायक सचिव

**धनबाद।** जनता मजदूर संघ जो सदैव श्रमिकों के हितों की बात और काम करती है उनके महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने कृपाशंकर सिंह को कोयला भवन शाखा में जनता मजदूर संघ का सहायक सचिव मनोनीत किया। इसके संबंध में मनोनयन पत्र भी सिद्धार्थ गौतम सदस्य, जेबीसीसीआई ने अपने हाथों से कृपाशंकर सिंह को सौंपा। इस मनोनयन के बाद कृपाशंकर सिंह ने जनता मजदूर संघ और सिद्धार्थ गौतम का धन्यवाद दिया।

### मार्क्सवादी युवा मोर्चा का आंदोलन समाप्त

**तेतुलमारी।** गुरुवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में खेमका आउटसोर्सिंग कंपनी में चक्का जाम वार्ता के बाद समाप्त हो गया। ओपी प्रभारी एवं कंपनी प्रबंधन ने वार्ता के लिए ईस्ट बसुरिया ओ पी बुलाया गया। जहां यूनियन प्रतिनिधि के साथ खेमका कंपनी के प्रबंधन से वार्ता हुई। जिसमें ओपी प्रभारी की उपस्थिति में सारी मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा के बाद सहमति जताई। वार्ता में ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार,मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो, दुलाल चंद्र बाउरी, भोला चौहान, टेकलाल महतो,नंदकुमार राम एंव कंपनी प्रबंधन की ओर से विनीत सिंह, राम सिंह उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**बेरमो।** फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग के पिछरी बुटनाडीह में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया। दुर्घटना में फुसरो नप के ढोरी बस्ती भेड़मुक्का निवासीजमील अंसारी अपनी बाइक से बोकारो जा रहा था। बुटनाडीह के टिकैत चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बेलेरो पिकअप वाहन के चपेट में आने से घायल हो गया।

## उपायुक्त ने ग्रामीणों को समृद्ध बनाने पर दिया जोर

### वनोपज जिला सहकारी संघ लि बोकारो की निदेशक पर्षद की पहली बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त सह. मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि बोकारो की निदेशक पर्षद की पहली बैठक की। बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमारए अपर समाहर्ता सादात अनवरए जिला सहकारिता पदाधिकारी स्वेता गुड़ियाए संबंधित विभागों के पदाधिकारीए विभिन्न पैक्सो के अध्यक्ष व सदस्य आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने कृषि आधारित कार्यों से जुड़े अधिकाधिक लोगों को स्वनिर्भर बनाने तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी को अभियान चलाकर संघ में सदस्यों को जोड़ने का निर्देश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी ने लेमन ग्रासए मशरूमए टमाटर जैसे उत्पादों का वैल्यू एडेड करने को कहा। एलडीएम संजीव कुमार ने कृषि अधारभूत संरचना के विकास को लेकर अनुदानित दर पर किसानों को ऋण उपलब्ध करानेए नाबार्ड के डीडीएम फिलेमन बिलांग ने कोल्ड स्टोरेज निर्माण की बात कही। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को अगली बैठक में प्रस्ताव तैयार कर पीपीटी माध्यम से प्रदर्शित करने को कहा।

## खलिहान में लगी आग, बिचाली और कीमती लकड़ी जलकर खाक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** कसमार रू कसमार अंचल अन्तर्गत सिंहपुर पंचायत के करमा शंकरडीह गांव में धीरेन्द्र महतोए सुरेन्द्र महतो तथा अनुप महतो के खलियान में रखे लगभग 12 ट्रैक्टर पुआल ; बिचाली द्ध समेत कीमती लकड़ी जलकर राख हो गई जिससे करीब 60हजार रूपए की नुकसान हुआ है। खलिहान में आग कैसे लगा और किसने लगाया इसका पता पीड़ित किसानों को नहीं है । आगलगी के समय हवा इतना तेज चल रही थी कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। आग की तेज लपटों ने अनुप महतो का बांस समेत कई कीमती लकड़ी को भी चपेट में ले लिया। तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया गयाए तबतक सब जलकर राख हो गया है । इधर पीड़ित किसानों ने आगलगी की सूचना सिंहपुर मुखियाए पंसस तथा कसमार अंचल को दी है। आग बुझाने में शंकरडीह के रोहण सावए गिरिधारी महतोए बुधनी देवीए महेश महतोए पूर्णिमा देवीएशांति देवीए चिंता देवीए सालों देवीएरमेश महतोएसोनिया सहित कई लोगों का योगदान रहा। इधर पीड़ित परिवारों ने आगलगी से नुकसान की मुआवजा देने की मांग अंचल प्रशासन से की है।

## एक नजर में

### झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक



**धनबाद।** गुरुवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का बैठक एल.सी. रोड, हीरापुर में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता सम्राट चौधरी ने किया। बैठक में सर्वप्रथम वर्तमान झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का आकस्मिक निधन पर सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 14 अप्रैल को देवली गोविंदपुर में शहीद गुरुदास चटर्जी की शहादत दिवस पर संगठन द्वारा बढ़-चढ़कर भागीदारी लेने पर चर्चा हुई। साथ ही 15 अप्रैल बांग्ला पहला वैशाख के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बरवाअड्डा में किया जाएगा।बैठक में समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर,रेखा मंडल, कल्याण भट्टाचार्जी,डोरा मंडल, राणा चट्टराज,सुशोवन चक्रवर्ती, कल्याण राय,बबलू सरकार, समीर मंडल, राजू प्रमाणिक,टनी बनर्जी समेत समिति के अन्य लोग उपस्थित थे।

### हनुमान जयंती पर निशान शोभायात्रा

**गोमो।** हनुमान जयंती के मौके गोमो आरपीएफ शिव मंदिर प्रांगण से निशान शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाला गया जो पुराना बाजार, साहूवाला हटियाटांड, लोको बाजार होते हुए मार्केट चौक पहुंचा जहां हनुमान मंदिर के समीप शरबत वितरण का आयोजन किया गया। शरबत वितरण में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरामन नायक उपस्थित थे। वही इस दौरान 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य सह वर्तमान जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हीरामन नायक, वरुण दत्ता, जितेंद्र पासवान, सुशील कुमार, विद्यानंद यादव, झंटू दा, सोरेन दा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अवैध कब्जा वाले आवास हुए खाली

**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय बोकारो द्वारा बेदखली अभियान के तहत सेक्टर 04। के आवास संख्या 2158ए 2031ए 04म के 1166ए 2064ए 2069ए 3040ए 3110ए 3118 एवं सेक्टर 05 के आवास संख्या 1125 को मजिस्ट्रेट प्रवीण रोहित कुजूर के निर्देशन में खाली कराया गया। आवास खाली कराने के अलावा अवैध कब्जाधारियों का सामान भी सम्पदा न्यायालय द्वारा जब्त कर लिया गया है।

### प्रकाश सिंह ने की भाजपा की सदस्यता

**बेरमो ।** बेरमो निवासी एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर औपचारिक रूप से भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की घोषणा की । इस मौके पर प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि वे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से बहुत ही प्रभावित हैं जिनके नेतृत्व में हमारा देश विश्व गुरू बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि बेरमो मेरी जन्मभूमि है और बेरमो का विकास मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बेरमो विधानसभा क्षेत्र को परिवारवाद और भ्रष्टाचार से बाहर निकाल कर कमल खिलाना है। उन्होंने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे देश के प्रधान सेवक और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बताए रास्ते पर आगे बढ़ कर नए बेरमों नए भारत को बनाने में जी जान से जुट जाएँ ।

## सोशल मीडिया से हनीट्रैप करने वाला गिरोह सक्रिय

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** एकड़ा झारखण्ड मोड मे इन दिनों सैक्स रैकेट और हैनी ट्रैप जैसे धन्धा करने वाले लोग का ठिकाना बन गया है। बुधवार की रात करीब आठ बजे एक ऐसी घटना घटी जो दिल दहला देने जैसी थी। दरअसल कुछ महिलाओं का गिरोह इन दिनो धनबाद के अलग अलग क्षेत्रों में फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर अपने घर में बुला कर सैक्स के लिए उकसा कर नग्न करके विडियो वनाकर ब्लैकमेल किया जाता है। मामला वायरल न करने पर मोटी रकम की वसुली की जाती है । मजबूरन मे इन लोगो की बात मानकर मोटी रकम देने को मजबूर हो जाते है इस तरह के ब्लैकमैलिंग का धन्धा जिले के विभिन्न इलाको मे पर्दे के पीछे चल रहा है। भोली भाली जनता आये दिन किसी न किसी गिरोह का शिकार बनती ही जा रही है।

ऐसी ही घटना एकड़ा झारखण्ड मोड के समीप बीसीसील क्वाटर मे भी घटी। भुक्तभोगी व्यक्ति दिवाल फांद कर अपनी जान बचाकर भागने मे सफल रहे। इस तरह की घटना एकड़ा मे कोई नई बात नही है । यहां अंजान पुरुष और महिला का आना जाना लगा रहता है। डर के वजह से इनलोग के प्रति मुहल्ला के लोग किसी से शिकायत भी नही करते है। कुछ लोग तो उनके परिवार के सदस्य ही अगल बगल मे बसे है। हलांकि लोयाबाद पुलिस प्रशासन ने हैनी ट्रैप गिरोह के सदस्यो को जेल भी भेज चुके है लेकिन जेल से छुटने के बाद फिर से ये लोग ब्लैक मैलिंग का कार्य करने लगे।

## सिंदरी में बजरंगियों की भगवा शोभायात्रा

### शोभायात्रा में शामिल हुए विहिप और बजरंग दल को कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** हनुमान जन्मोत्सव पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के धनबाद जिला महामंत्री सोनू गिरी के नेतृत्व में विशाल भगवा शोभायात्रा सिन्दरी के राँगामाटी जय माता दी मंदिर से उन्माद के साथ यात्रा कर कांड्रा कोलबोर्ड कालोनी पहुँची। इसमें झाँकीयों के साथ भगवान के अलग अलग रुपों को प्रदर्शित करते विभिन्न कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।



### हनुमान चालीसा का किया गया पाठ

विशाल भगवा शोभायात्रा की शुरूआत राँगामाटी जय माता दी मंदिर में महामंत्री द्वारा हनुमानजी की पूजा से की गई। इसके बाद सभी बजरंगियों द्वारा महा हनुमान चालीसा का पाठ व आरती के साथ की गई। शोभायात्रा में मुख्य रूप से झाकियों में भगवान श्री राम की आदमकद प्रतिमाए भगवान भोलेनाथ व वीर हनुमान सहित राम लक्ष्मण के रुपों में कलाकारों ने अपनी भाव भंगिमाओं से श्रद्धालुओं को भगवामय का अहसास कराया। शोभायात्रा राँगामाटी जय माता दी मंदिर से निकलकर सिन्दरी गुरुद्वाराए कुँवर सिंह चौकए अटल चौकए गौशाला बाजार का भ्रमण करते होते हुए कोलबोर्ड कॉलोनी कांड्रा बजरंग बली मंदिर पहुँचकर आरती के साथ संपन्न हुई।

### शोभायात्रा में थे शामिल

शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल जिला महामंत्री सोनू गिरीए पूर्व पार्षद दिनेश सिंहए ब्रजेश सिंहए भाजपा सिन्दरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठकए विजय सिंहए धीरज सिंहए इंद्रमोहन सिंहए दुलाल महतोए रंजीत कुमार निषादए रोहित सिंहए सिंटू सिंहए नीरज गिरीए गोलूए अमन कुमार ठाकुर आदि शामिल थे। बापी बाउरीए देव कर्मकारए सोनू सिंहए दीपक राजए अंकित सिंहए अभिषेक महतोए त्रिवेणीए मिथिलेश कुमार पाण्डेयए अजयए सागरए दीपक सिंहए पाण्डू शामिल रहे।



## सेल की स्वर्ण जयंती: बीएसएल टीमों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेल की स्वर्ण जयंती के मौके पर सेल स्तरीय विभिन्न स्पधाओं सेल स्वर्ण जयंती बैडमिंटन चैंपियनशिपए सेल स्वर्ण जयंती फुटबॉल चैंपियनशिपए सेल स्वर्ण जयंती क्रिकेट चैंपियनशिप में बीएसएल की टीम विजेता एवं सेल स्वर्ण जयंती वॉलीबॉल चैंपियनशिप में उप विजेता रही। इन उपलब्धियों के लिए इन टीमों को राजन प्रसाद तथा ईडी ;माइंसद्ध जयदीप दासगुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर सीजीएम ;कार्मिकद्ध हरी मोहन झाए जीएम ;एल एन्ड एद्ध एन ए सैफीए जीएम ;टी एद्ध ए के अविनाशए वरीय प्रबन्धक सुभाष रजक तथा अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर दो दिन का राजकीय शोक

**बेरमो।** स्कूली शिक्षाए साक्षरता विभागए उत्पाद एंव गदध निषेद मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर दो दिनों की राजकीय शोक की घोषणा राज्य सरकार द्वारा किया गया है साथ ही आज यानी बृहस्पतिवार को सभी सरकारी कार्यालय बंद करने का निर्देश जारी किया गया है।

## जारंगडीह: कोयला चोरों के आतंक से दहशत में हैं हाइवा चालक

### भयवश बंद कर दिया गया कांटा घर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह काटा घर मे बीते देर रात कोयला चोरों ने फिर एक बार अपने भय का आतंक दिखायाए चालक ने बताया कि कोयला उतारने से मना करने पर कोयला चोरों द्वारा पीटाई कर दी जा रही है और धमकी भी दी जा रही हैण बीते रात फिर कोयला चोरों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी जिससे हाईवा चालकों में दहशत फैला हुआ है और भयभीत हो कर काटा रोक दिया गया है घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षा विभाग की टीम जारंगडीह काटा घर पहुंची और मामले से अवगत हुईण घटना को देख सहज ही समझा जा सकता है कि किस तरह जारंगडीह में कोयला चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। ये घटना साफ बंया कर रही हैण दरअसल यह परिणाम कंही न कहीं कोयला चोरों को मिली छूट का बताया जा रहा है बताता चलूं कि बीते 25मार्च को भी जारंगडीह काटा घर में हाईवा चालक को कोयला चोरों द्वारा पीटाई कर दी गई थीण उसके बाद फिर बीते रात की हुई घटना के बाद हाईवा चालकों में दहशत व्याप्त है और डरे सहमे लोग अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर काटा रोक दिया है अब सवाल उठता है कि आखिर कब तक हाईवा चालक यूं ही पीटाई खाते रहेंगेण आखिर क्यों कोयला चोरों के फैले दहशत पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## हनुमान जन्मोत्सव: 501 ध्वज के साथ निकली यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**केन्दुआ।** केन्दुआ बाजार हनुमान गड़ी स्तिथ हनुमान मंदिर से हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष में 501 भव्य निशान यात्रा निकाली गई।यह निशान यात्रा पूरे केन्दुआ करकेन्द क्षेत्रो का भर्मण कर पुनः केन्दुआ हनुमान मंदिर गई।इस निशान यात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु गन शामिल हुए।गाजे बाजे के साथ सभी ने जय श्रीराम जय हनुमान के नारे लगाते हुए पूरे केन्दुआ क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया।इस निशान यात्रा में धनबाद विधायक राज सिन्हा भी शामिल हुए.निशान यात्रा में कई तरह की झाकिया भी निकाली गई। जिसमे राम सीता, हनुमान, शंकर पर्वती, गणेश जी और वानर सेना दल बल के साथ शामिल थे। निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में जगह जगह सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा शरबत पानी की व्यवस्था की गई। समर्पण सामाजिक संस्था के सदस्यों के द्वारा केंदुआ कलाली मोड़ के समीप श्रद्धालुओं के लिए थैला में प्रसाद का वितरण किया गया। वही शाम मे महा आरती के साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया है।



### झरिया में निकला कलश शोभा यात्रा

**झरिया।** श्री श्री बाल हनुमान मंदिर पोद्दार पाड़ा द्वारा वृहस्पतिवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे 151 कलश लिए महिलाएं व युवतियों ने नगर भ्रमण किया। मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद गाजे बाजे के साथ फुलरीबाग शिव मंदिर से जल उठा कर, पोद्दार पाड़ा, इंदिरा चौक, बस स्टैंड, धर्मशाला रोड होते हुए, पूना मंदिर पहुंचा, मौके पर पुजारी भरत मिश्रा , मंटू साव , रूपेश वर्मा, विवेक वर्मा , निषितनाथ, पप्पू धीवर , अरुण कुमार , समीर दत्ता , राज मिश्रा, पूनम पाठक, पारोमिता सेन, राजू वर्मा आदि थे।



# पाठ्यक्रम में बदलाव

कमोबेश देश-दुनिया में हर राजनीतिक दल द्वारा कोशिश की जाती रही है कि इतिहास के पन्नों में उसका राजनीतिक विमर्श प्रभावी हो। जबकि यह भी एक हकीकत है कि ऐसी कोशिशें तात्कालिक लाभ भले ही दे जाएं, लेकिन ऐसे प्रयास न दीर्घकालिक होते हैं और न उन्हें सर्व-स्वीकार्यता ही मिलती है। सत्ता परिवर्तन के बाद उसे बदलने की कवायदें भी सामने आती हैं। राजाश्रय में नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग यानी एनसीईआरटी द्वारा बारहवीं कक्षा के इतिहास, नागरिक शास्त्र तथा हिंदी के पाठ्यक्रम में बदलाव की कोशिशों को इसी नजरिये से देखा जा रहा है। खासकर इतिहास की किताबों से मुगल साम्राज्य से जुड़ा चैप्टर हटाया गया है। वहीं हिंदी की किताब से कुछ कविताएं व पैराग्राफ हटाये गये हैं। हालांकि, एनसीईआरटी का कहना है कि तार्किक प्रक्रिया के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। इसके लिये एक साल पहले विशेषज्ञ समिति बनायी गई थी, उसकी सलाह पर कुछ पाठ हटाये गये हैं। छात्रों का बोझ कम करने का प्रयास किया है तो कहीं कुछ पाठों में दोहराव को हटाया गया है। केवल इतिहास ही नहीं, हर विषय का पाठ्यक्रम कम किया गया है। जिसकी पहल कोरोना काल में पढ़ाई न होने पर छात्रों का बोझ कम करने के रूप में हुई थी । दरअसल, मध्यकालीन पाठ्यक्रम से मुगलों के इतिहास से जुड़े द मुगल कोर्ट और किंग्स एंड क्रॉनिकल्स नामक दो पाठ हटाये गये हैं। ग्यारहवीं की किताब से इस्लामिक लैंड और कान्फ्रन्टेशन ऑफ कल्चर्स पाठ हटाये गये हैं। वहीं जन आंदोलन का उदय और एक दल के प्रभुत्व का दौर पाठ भी हटाया गया है। जिसमें कांग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति, सोशलिस्ट, वाम दलों तथा जनसंघ संबंधी पाठों को हटाया गया है। स्थिति जैसी भी बने लेकिन वह देशहित से समझौता करने वाला नहीं होना चाहिए।

# सिर्फ 24 फीसद काम

हंगामें की भेंट चढ़ा संसद का बजट सत्र, लोक सभा में 34 और राज्य सभा में सिर्फ 24.4 प्रतिशत ही हो पाया कामकाज जिसको लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद नहीं चलने के लिए सरकार को जिम्मेदार वहीं केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उनके साथियों ने सदन को चलने नहीं दिया, गलत तरीके से डिस्टर्ब किया। सरकार और विपक्ष के आरोप-प्रत्यारोप के बीच सच्चाई यही है कि हंगामे के कारण , संसद के बजट जैसे महत्वपूर्ण सत्र के दौरान भी सुचारू ढंग से कामकाज नहीं हो पाया।

बजट सत्र के दौरान, राज्य सभा की उत्पादकता सिर्फ 24.4 प्रतिशत ही रही। राज्य सभा में हंगामे के कारण 103 घंटे और 30 मिनट का समय बर्बाद हुआ। सत्र के दौरान, लोक सभा में वित्त विधेयक, 2023 सहित कुल 6 विधेयक पारित हुए वहीं राज्य सभा ने भी वित्त विधेयक, 2023 सहित कुल 6 विधेयकों को पारित किया गया या लौटाया गया। संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए या लौटाए गए विधेयकों की कुल संख्या भी 6 ही है। सत्र के दौरान, लोक सभा में कुल 8 विधेयक को पुनःस्थापित किया गया।बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चला था। एक महीने के अवकाश के बाद बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च को शुरू हुआ। जिसका समापन 6 अप्रैल को हो गया। बजट सत्र के पहले भाग के दौरान, लोक सभा और राज्य सभा की कुल 10 बैठक हुई। सत्र के दूसरे भाग के दौरान, दोनों सदनों की 15 बैठकें हुई। पूरे बजट सत्र के दौरान, कुल मिलाकर 25 बैठकें हुई। संसद का बजट सत्र सबसे महत्वपूर्ण सत्र होता है। सदन में लिए गये निर्णयों से देश के विकास और व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। विद्वान सांसदों को अपने सलाह देने का अवसर मिलता है। इस प्रकारकी स्थिति देश के हित में नहीं है।

# हाथी संरक्षण के 30 वर्ष, होगा गज उत्सव का आयोजन


यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए जैव-विविधता संरक्षण, सर्वोत्तम रणनीतियों में से एक है। जैव-विविधता संरक्षण एक जटिल प्रयास होता है, क्योंकि जैविक समुदाय अपने पर्यावरण से गहरे रूप से जुड़े रहते हैं। कुछ महत्वपूर्ण प्रजातियों का संरक्षण तथा कुछ आवश्यक तथ्यों पर आधारित दृष्टिकोण, चुनौती का मुकाबला करने में सहायता कर सकता है। विश्व स्तर पर लुप्तप्राय एशियाई हाथी (एलीफस मैक्सिमस) का भारत में संरक्षण इसका एक उदाहरण है।


भारत में हाथियों और लोगों के बीच का संबंध गहरा है और दुनिया में विशिष्ट है। भारत में हाथियों की समृद्धि के प्रतीक के रूप में पूजा की जाती है। वे सांस्कृतिक प्रतीक हैं और हमारे धर्म, कला, साहित्य और लोककथाओं के हिस्से हैं। भारतीय महाकाव्य हाथियों के संदर्भों से भरे पड़े हैं। यह भी माना जाता है कि महाभारत को भगवान गणेश ने अपने एक टूटे हुए दांत से लिखा था।

1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद से, हाथियों की आबादी का रुझान, अन्य देशों के विपरीत, अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। भारत में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 जैसे मजबूत कानून हैं, जो हाथियों को उच्चतम कानूनी संरक्षण प्रदान करते हैं, चाहे वे जंगल में हों या मानव देखभाल के तहत हों। वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980, हाथियों के निवास-स्थानों को नुकसान और निवास-स्थानों के क्षेत्रफल में कमी लाने से बचाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 9 वर्षों के कार्यकाल में, भारत ने मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और नेतृत्व के समर्थन से हाथियों के संरक्षण के लिए एक सक्षम संस्थागत व्यवस्था का निर्माण किया है।

सामूहिक रूप से, हाथी भारत के कुल भूभाग के लगभग 5% क्षेत्र में पाए जाते हैं। हाथियों की वर्तमान सीमा-क्षेत्र में संरक्षित क्षेत्र और बहु-उपयोग वाले वनों के अन्य रूप शामिल हैं। वे वन क्षेत्रों के बीच आने-जाने के लिए मानव-निवास वाले क्षेत्रों का भी उपयोग करते हैं।

हाथीदांत का अवैध शिकार, जो अफ्रीकी हाथियों के संरक्षण के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है, भारत में नियंत्रण में है। हालांकि, 1970 और 1980 के दशक में ऐसा नहीं था, जब अवैध हाथी दांत के अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार के लालच में



-भूपेन्द्र यादव

हाथी परियोजना, एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो हाथियों के संरक्षण और कल्याण के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। हाथी आरक्षित क्षेत्र, हाथी परियोजना के तहत मौलिक प्रबंधन इकाई हैं। वर्तमान में, पूरे भारत में 80,778 वर्ग किमी में फैले 33 हाथी आरक्षित क्षेत्र हैं। वर्ष 2022 में भारत में हाथी परियोजना के 30 वर्ष पूरे हुए हैं।

अवैध शिकार के कारण, हमने कई हाथियों को खो दिया था। इन हत्याओं ने हाथियों के संरक्षण के समक्ष एक गंभीर खतरा पैदा कर दिया था और राज्यों तथा केंद्र के बीच सक्रिय समन्वय में, संरक्षण को पुनर्जीवित करने के लिए मिशन-मोड में काम करने की आवश्यकता थी। इस बात को स्वीकार करने के फलस्वरूप, 1992 में महत्वाकांक्षी हाथी परियोजना का शुभारंभ हुआ, जो बाघ परियोजना के अनुरूप था और जिसके तहत बाघों को आबादी को पतन के कगार से वापस लाने में सफलता मिली थी।

हाथी परियोजना, एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो हाथियों के संरक्षण और कल्याण के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। हाथी आरक्षित क्षेत्र, हाथी परियोजना के तहत मौलिक प्रबंधन इकाई हैं। वर्तमान में, पूरे भारत में 80,778 वर्ग किमी में फैले 33 हाथी आरक्षित क्षेत्र हैं। वर्ष 2022 में भारत में हाथी परियोजना के 30 वर्ष पूरे हुए हैं।

हाथी परियोजना ने हाथी संरक्षण के प्रयासों को गति दी है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर पिछले दो वर्षों के दौरान दो नए हाथी आरक्षित क्षेत्र बनाए गए हैं। दुधवा और उत्तर प्रदेश के आसपास के क्षेत्रों में अधिसूचित तराई हाथी आरक्षित क्षेत्र का उद्देश्य, भारत और नेपाल के बीच सीमा-पार के हाथियों के प्रबंधन में लंबे समय से चल रही समस्याओं का समाधान करना है। तमिलनाडु के दक्षिणी-पश्चिमी घाट के पहाड़ों में अगस्तियारमलाई हाथी आरक्षित क्षेत्र, पेरियार और अगस्तियारमलाई के बीच संपर्क बहाल करने की दिशा में गति प्रदान करेगा।

हाथियों के संरक्षण और मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए, गलियारों के महत्व को स्वीकार करते हुए, हाथी परियोजना के अंतर्गत पूरे भारत में, चिन्हित किये गए हाथी गलियारों के लिए, भूभाग सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ महत्वपूर्ण हाथी गलियारों, जैसे उत्तराखंड में चिल्ला-मोतीचूर गलियारे, केरल में तिरुनेली-कुदरकोट गलियारे और कुछ अन्य को सफलतापूर्वक बहाल कर दिया गया है। पहली बार, ओडिशा में एक महत्वपूर्ण गलियारे को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत एक संरक्षण आरक्षित क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया था।

ट्रेन से हाथियों की टक्कर के मुद्दे को हल करने के लिए रेलवे तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की बैठकें निरंतर हो रही हैं। समस्या के समाधान के लिए दोनों मंत्रालय, राज्य के वन विभागों और अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

भारत में हाथियों के संरक्षण की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण चुनौती है - मानव-हाथी संघर्ष। सरकार इस समस्या के गंभीरता को स्वीकार करती है और संघर्षों को कम करने के लिए लोगों के साथ खड़ी है। वन्य-जीवों के कारण होने वाले फसल नुकसान को शामिल करने के लिए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी नई पहलों का विस्तार किया गया है, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजे का भुगतान किया जा सके। संघर्ष के प्रति प्रतिक्रिया अवधि में और समय पर अनुग्रह राशि के भुगतान में, सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

हमारी पौराणिक कथाएं, कला, धर्म और विरासत प्रकृति के साथ एकता के सद्गुणों पर जोर देती हैं। हाथी संरक्षण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और असम वन विभाग भारत में हाथी परियोजना के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ह्यगज उत्सवह्ण मनाएंगे।

गज उत्सव, इस शानदार प्रजाति के संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सामूहिक रूप से संकल्प लेने का एक मंच होगा। ( केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भारत सरकार)

## खास बात

# यीशु का बलिदान

**योगेश कुमार गोयल**

हे ईश्वर! इन्हें क्षमा करें, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं। यह प्रार्थना थी यीशु (ईसा मसीह) की उन हत्यारों के लिए, जिन्होंने भयावह अमानवीय यातनाएं देते हुए उनके प्राण ले लिए। यीशु के सिर पर कांटों का ताज रखा गया, उन्हें सूली को कंधों पर उठाकर ले जाने को विवश किया गया और गोल गोथा नामक स्थान पर ले जाकर दो अन्य अपराधियों के साथ बेरहमी से कीलों से ठोकते हुए क्रॉस पर लटका दिया गया। यीशु ने उत्पीड़न और यातनाएं सहते हुए मानवता के लिए अपने प्राण त्याग दिए और दया-क्षमा का अपना संदेश अमर कर दिया। पृथ्वी पर बढ़ रहे पापों के लिए बलिदान देकर ईसा ने निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सूली पर प्राण त्यागने से पहले यीशु ने कहा था, हे ईश्वर! मैं अपनी आत्मा को तेरे हाथों में सौंपता हूं।

यीशु ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। उनके बलिदान, उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है ह्यगुड फ्राइडेह्ण। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले यीशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था। जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में ह्यगुड फ्राइडेह्ण मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 7 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को यीशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर यीशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और यीशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयायी समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं।

# कामना रहित जीवन

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**किसी** भी कष्ट के पीछे कामना ही उसका कारण बनती है। बसारगढ़ स्थित ब्रंहाविद्यालय और आश्रम में स्वामी सत्यानंद ने कहा कि कष्ट इसलिए ज्यादा है क्योंकि हमलोगों ने अपनी कामना बढ़ा ली है। समाज में ज्यादा से ज्यादा सांसारिक वस्तुओं की इच्छा करने से कष्ट बढ़ रहा है। हमें उतने ही पैर पैसारने चाहिए जितने लंबे सौर हो। हमारे पूर्वजों ने हर चीज में अपनी कामना पर नियंत्रण रखते थे। यही नहीं वे अपने दिनचर्या और खान-पान को भी सीमा में रखते थे। आज हम अपनी कामनाओं को नियंत्रित करने में असफल हो रहे हैं यह सबसे बड़ा दुख का कारण बन रहा है। कष्ट कामना से होता है और कामना के नियंत्रण के लिए भक्ति का संग होना अनिवार्य है। भक्ति गुरु के माध्यम से ही स्थापित होती है। लेकिन क्या वह प्रसन्नता जीवन के तीसरे या चौथे चरण में महसूस की जाती है। परिवार, समाज सहित वस्तुओं की चाह में आदमी उलझा रहता है। सांसारिक वस्तुओं के बीच रहकर भी कामना रहित होने की क्षमता होनी चाहिए। इसके लिए विश्वास अटूट हो परमात्मा पर, सदगुरु पर। अगर आपका विश्वास कमजोर हे तो आपकी आस्था टूटती है तो आपकी कामना मुक्ति की कैसे हो सकती है। कृष्ण पर अर्जुन की अटूट आस्था थी। यही कारण था कि गीता का उपदेश कृष्ण ने अर्जुन को दिया। अर्जुन को चुनने की बात आई तो कृष्ण को चुना। आपका विश्वास भक्ति में जितना मजबूत होगा आपका जीवन उतना ही सुदंर कामना रहित हो जाएगा।

झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री आदरणीय जगरनाथ महतो जी का चेन्नई में इलाज के दौरान निधन की खबर से आहत हूं। वे जुझारू तेवर के और जमीन से जुड़े नेता थे। उनका असमय जाना झारखंड की राजनीति में अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
**-सुदेश महतो, आजसू प्रमुख**

## आपके ट्वीट

अपूरणीय क्षति! हमारे टाइगर जगरनाथ दा नहीं रहे! आज झारखण्ड ने अपना एक महान आंदोलनकारी, जुझारू, कर्मठ और जनप्रिय नेता खो दिया। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर इस विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति दे। **- हेमंत सोरेन**





नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में आर्थिक जगत में कई कृतिमान हासिल किए हैं।

मसलन कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन, रेलवे का रिकॉर्ड ढुलाई, रक्षा क्षेत्र में रिकॉर्ड निर्यात, सारे क्षेत्रों में रिकॉर्ड निर्यात। **- महेश पोद्दार**

# काश, अजय बंगा-गुनीत मोंगा से प्रेरित होते खालिस्तान समर्थक

**आर.के. सिन्हा**

**आजकल** ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका में कुछ भटके हुए सिख नवयुवक न जाने किस भ्रम में काल्पनिक खालिस्तान की मांग करते हुए दिखाई देने लगे हैं। इन पर गुस्से से ज्यादा तरस ही आता है। अपने महान गुरुओं की धरती पंजाब और भारत को लेकर ये जिस तरह से अनाप-शनाप बकवास कर रहे होते हैं, वह बेहद अशोभनीय होती है। वे यह समझ लें कि अब भारत कभी भी विभाजित नहीं होगा। भारत के बंटवारे का ख्वाब देखने वालों को निराशा ही होगा। इस बिन्दु पर 140 करोड़ भारतीय एक हैं। कहीं कोई विवाद नहीं है। अब वह जमाना गया जब अपनी-अपनी नेतागिरी चमकाने और प्रधानमंत्री बनने के लिए नेहरू और जिन्ना ने हिन्दुस्तान-पाकिस्तान बांट लिया । अब वैसा होने से रहा।

काश, खालिस्तान के पक्ष में नारेबाजी करने वाले अजय बंगा और गुनीत मोंगा से कुछ प्रेरणा ले लेते। ये दोनों भी कट्टर सिख हैं और इनकी हालिया उपलब्धियों पर सारा देश गर्व कर रहा है। बंगा उस वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं, जिसके 189 सदस्य देश हैं, जिनमें 170 देशों के नागरिक संसार के 130 शहरों में काम कर रहे हैं। बेशक, गरीबी को खत्म करने तथा विकास का रास्ता दिखाने वाले वर्ल्ड का प्रमुख बनने जा रहे बंगा की उपलब्धि पर सारा भारत खुश है। अजय बंगा एक शूरवीर के पुत्र हैं। उनके पिता हरभजन सिंह बंगा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे।

## समस्या

उन्होंने 1962, 1965 और 1971 की जंगों में शत्रु सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। अजय बंगा का परिवार बहुत आस्थावान सिख परिवार है।

अजय बंगा बेहतरीन मोटिवेशल स्पीकर भी हैं। उनके नेतृत्व में ही ह्लमास्टर कार्डह्व नाम की कंपनी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी ह्लवीजा कार्डह्व को पछाड़ा था। अजय बंगा ने मास्टरकार्ड को मोबाइल पेमेंट के क्षेत्र में पहले नंबर पर पहुंचाया। वे हिन्दी, पंजाबी, इंग्लिश के अलावा गुजराती भी बोल लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 की अमेरिका यात्रा के समय उनसे फार्च्यून-500 कंपनियों के सीईओज मिले थे। उनमें अजय बंगा भी थे। बंगा को बैंकिंग और फाइनेंस की दुनिया का एक्सपर्ट माना जाता है। बंगा को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी ट्रेड पॉलिसी से जुड़ी सलाहकार टीम में लिया था। अब वे वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। जाहिर है कि उनकी सलाह से सदस्य देशों को लाभ होगा। अजय बंगा वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन देशों के लिए विशेष योजनाएं लाएंगे जो विकास की दौड़ में बहुत पिछड़ गए हैं।

अगर बात गुनीत मोंगा की करें तो उन्हें उनकी फिल्म 'द एलीफैंट विस्परर्स' के लिए आस्कर सम्मान मिला है। 'द एलीफैंट विस्परर्स' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। गुनीत मोंगा के बारे में देश को तब कायदे से पता चला जब उन्होंने ह्ललंच बॉक्सह्व, ह्लमानसून शूट आउटह्व तथा ह्लगैंग्स ऑफ वासेपुरह्व जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस किया। ये सभी फिल्में हिट हुईं और इन्हें दर्शकों तथा समीक्षकों का समान रूप से प्यार मिला।पहले वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बन रहे अजय बंगा और और फिर गुनीत मोंगा ने देश का नाम रोशन किया है। यह सच है कि अजय बंगा अब अमेरिकी नागरिक बन चुके हैं। पर उन्हें अपने भारतीय मूल का होने पर गर्व है। वे बार-बार भारत आते हैं। वे भारत से दूर जा भी नहीं सकते। आखिर यही उनका देश है। उनकी मातृभूमि है। उधर, मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली गुनीत मोंगा अब मुंबई में रहती हैं। गुनीत मोंगा जब आस्कर पुरस्कार लेने गईं तब उन्होंने साड़ी पहनी हुई थी और उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय होने पर नाज है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### बच्चों का ड्रॉप आउट

**आसपास** के गाँवों में सूक्ष्म स्तर की निगरानी के लिए सिस्टम बनाने की जरूरत है, ताकि लॉकडाउन से प्रभावित परिवारों के बच्चों को बाल श्रम के रूप में काम करने से रोका जा सके,र्पंचायतें, अन्य ग्रामीण स्तर के अधिकारी साथ ही ब्लॉक के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए कि बच्चे काम न करें और स्कूलों में बरकरार रहें।
**- रविकांत सिंह, रांची**

### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए।
**-हेमा हरि, मेदिनीनगर**

# संस्कृति और राष्ट्रवाद के सहारे बढ़ी भाजपा

**- विष्णु दत्त शर्मा**

**1980 के** दशक का कालखंड भारतीय राजनीति का टर्निंग प्वाइंट था, जब जनसंघ के बाद भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। स्वाधीनता मिले अभी तीन दशक ही हुए थे कि देश भ्रष्टाचार, परिवारवाद, अपराधीकरण, जातिवाद, तुष्टिकरण, आतंकवाद और आपातकाल जैसे घावों से छलनी होने लगा था। किसे पता था कि आजादी के बाद जिन्होंने राजनीति का उत्तराधिकार पाया, वे अपनी स्वार्थलिप्सा में इतने कम समय में देश को बबार्दी के कगार पर पहुंचा देंगे।वे सत्ता में बने रहने के लिए तुष्टिकरण का ऐसा भ्रमजाल फैलाएंगे कि राष्ट्रीय अस्मिता भी धूमिल हो जाएऔर राष्ट्र की सच्ची पहचान उनके क्षुद्र राजनीतिकनारों से नष्ट हो जाएगी। परन्तु तत्कालीन राष्ट्रवादी समूहों को इसका भान हो गया था और वे भारतीय राजनीति को सही दिशा देने व एक सम्यक विकल्प देने के लिए आगे आए,तब भाजपा की स्थापना हुई।

थोड़ा गहराई में विचार करने से पता चलता है कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी राजनीतिक दलों ने वोट बैंक की गुलामी की एक विशेष चादर ओढ़ ली थी। उन दिनों भारत में भारतीयता की बात करना भी जैसे अपराध होता था। भारत में भारतीय संस्कृति, आध्यात्म, धर्म और उसके विविध विषयों की चर्चा को सांप्रदायिक ठहराया जाता था।

## सामयिक

ऐसी परिस्थिति में भारत की राजनीति को भारतीयता की ओर उन्मुख करने और उसके सांस्कृतिक सरोकारों को राजनीति का केंद्र बनाने के लिए भाजपा की नींव पड़ी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विराट विचार को लेकर 1980 में आज ही के दिन भारतीय जनता पार्टी की विधिवत स्थापना हुई थी। जिसका एक बड़ा लक्ष्य था, भारत की एकात्मता को बचाना। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के द्वारा देश को खंडित होने से बचाने के लिए एकात्म मानववाद के मूल दर्शन पर चलना। एक ऐसा दर्शन जो मनुष्य और समाज के बीच कोई संघर्ष नहीं देखता, बल्कि मनुष्य के स्वाभाविक विकास-क्रम और उसकी चेतना के विस्तार से परिवार, गाँव, राज्य, देश और सृष्टि तक उसकी पूर्णता देखता है। अन्य दलों की तरह भारत को नेशन स्टेट की तरह देखने की बजाय भाजपा ने इसे राष्ट्र माना और कहा कि इसका राष्ट्रवाद सांस्कृतिक है केवल भौगोलिक नहीं।

भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अन्तर्गत गरीबी मिटाना केवल नारा नहीं, उसका संकल्प था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कोई भाषण नहीं, प्रतिबद्धता थी। कश्मीर में 370 की समाप्ति चुनावी जुमला नहीं, राष्ट्रीय एकात्मताका साक्षात संकल्प था। अब से चार दशक पहले बनी भाजपा के लिए अन्त्योदय स्लोगन नहीं, यह गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा करने का सपना था, जिसे पार्टी के किसी भी नेतृत्व ने कभी भी देखना नहीं छोड़ा। 1980 से लेकर अब तकभाजपा के सभी नेतृत्वकर्ता इस सपने को पूर्ण करने में सक्रियरहे हैं। वे उन संकल्पों को साकार करने के लिए दिन-रात अपना श्रेष्ठतम समर्पित करते रहे हैं।वे भावी पीढ़ी को भी इन संकल्पों को साकार करने का सामर्थ्य देते हैं। शोषणमुक्त, समतायुक्त समाज की स्थापना भाजपा का चुनावी मुद्दा नहीं है, यह इसकी मूल दृष्टि है।

भारत के सांस्कृतिक मानबिन्दुओं की रक्षा हो, भारत की अखंडता का प्रश्न हो अथवा समाज को समरस रखने की चुनौती हो।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### श्री श्री संकट मोचन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



रामगढ़। श्री श्री संकट मोचन मंदिर थाना चौक में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर में 12 घंटे के हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही मंदिर के व्यवस्थापक धीरज परासर की देखरेख में हनुमान जी की विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की गई। वहीं, पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर में बड़ी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर खुशहाली और समृद्धि की कामना की। मौके पर कामदेव उपाध्याय,दीनबंधु पांडे, ब्रह्मदेव पांडे, सतेंद्र मिश्रा, शशि भूषण पांडे सहित कई लोग मौजूद थे।

### डॉ बरेलिया ने महिलाओं को दिया साड़ी



रामगढ़। बरेलिया नर्सिंग होम के संस्थापक डॉ राहुल बरेलिया ने ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल को गुरुवार को महिलाओं के बीच वितरण के लिए 51 साड़ी प्रदान किया। इसपर विनोद ने उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि वार्ड नंबर 6 के जारा टोला में 16 अप्रैल को सरहुल का आयोजन होना है। जिसके लिए डॉ राहुल बरेलिया से साड़ी मांगी गई थी। कहा कि उसी पर उन्होंने साड़ी दी है। कहा कि 16 अप्रैल को जारा में सरहुल धूमधाम से मनाया जाएगा।

### नया बस स्टैंड परिसर में जीएन सोडा खुला

**रामगढ़।** शहर के नया बस स्टैंड परिसर में गुरूवार को जीएन सोडा प्रतिष्ठान का उद्घाटन झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष सह रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार सिन्हा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर प्रतिष्ठान के आरंभ होने से गर्मी के मौसम में यात्रियों और आम लोगों को लाभ होगा। कहा कि प्रतिष्ठान का शुभारंभ युवाओं की मांग पर किया गया है। वहीं, उन्होंने प्रतिष्ठान संचालक को अपनी शुभकामनाएं दी। मौके पर इमरान, आसिफ , राज, नवनीत, काली सिंह आदि मौजूद थे।

### हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा



इचाक। हनुमान जयंती के अवसर पर प्रखंड के पुराना इचाक पंचायत अंतर्गत कान्दू मुहल्ला स्थित नवनिर्मित बजरंगबली के मंदिर में ध्वजारोहण किया गया।इसके उपरांत मंदिर प्रांगण से हनुमानजी की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण में सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।जिसमें आकर्षक का केंद्र जो जीवंत हनुमान बना था,सभी के हाथों में भगवा ध्वज और जुबान पर जयश्रीराम का नारा महिला पुरुष और बच्चे लगाते हुए जा रहे थे।नगर भ्रमण पुराना इचाक से भैरव मठ,नया काली मंडा, इचाक बाजार होते हुए प्रसिद्ध बुढ़िया माता मंदिर, लोहरतोली बजरंग बली मंदिर,थानेश्वर मंदिर से होते हुए बाजार स्थित बजरंग बलि मंदिर होते हुए पुराना इचाक पहुचे जंहा आचार्य सन्तोष पांडेय ने पूरे विधी विधान से मंदिर के प्रांगण में मुख्य पुजारी नरेश साव,संतोष साव,मुखिया किरण देवी एंव कान्दू समाज के अध्यक्ष रविशंकर उर्फ भोला के द्वारा ध्वजा रोहन कराया गया।

### भुरकुंडा में कुमार क्लासेस कोचिंग खुला



भुरकुंडा ( रामगढ़ )। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित चपरासी क्वार्टर कॉलोनी में गुरूवार को लक्ष्मी श्री इनवेस्टमेंट एंड सेक्युरिटी और कुमार कोचिंग क्लासेस की नींव रखेगी। कुमार क्लासेस कोचिंग का उद्घाटन कोटेक म्यूचल फंड के ब्रांच मैनेजर अभिषेक चौधरी, जेएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. रामानुज सिंह, मंगलमय ग्रुप ऑफ इस्टीच्युशन ग्रेटर नोएडा के हिमांशु अरोरा, ग्लोबस एजुकेशन वाराणसी के गौरव राजपुत कैरियर काउंस्लिंग बोर्ड अध्यक्ष डॉ.एसएस सिंह, हिन्दुस्तान कॉमर्शियल इंस्टीच्युट के प्राचार्य रामजी लाल अग्रवाल, संस्था के निदेशक संतोष कुमार व लक्ष्मी श्री के आरएम अमित कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। नदेशक संतोष कुमार ने बताया कि यहां कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को सभी विषयों की बहेतर क्लासेस दी जाएगी। साथ ही बच्चों को कैरियर कांउस्लिंग के तहत डिप्लोमा, बी-टेक, बीसीए, एमसीए, एमबीए, बी-एड, डी-एल-एड, बी फार्मा, बीडीएस, एएनएम, जीएनएम आदि के बावत विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### श्रीश्री सहस्त्र महाचंडी यज्ञ 20 से



भुरकुंडा । श्रीश्री सहस्त्र महाचंडी यज्ञ को ले गुरूवार को थाना मैदान भुरकुंडा स्थित श्रीश्री खेपा आश्रम में श्रद्धालुओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता श्रीश्री 1008 श्री गुरू खेपा बाबा ने की। इस दौरान थाना मैदान की साफ-सफाई, कोष संग्रह, प्रचार-प्रसाद सहित अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए अपना सुझाव दिया। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी 20 मई से थाना मैदान भुरकुंडा स्थित श्रीश्री खेपा आश्रम प्रांगण में 9 दिवसीय श्रीश्री सहस्त्र महाचंडी यज्ञ का शुभारंभ होगा। जो 28 मई तक चलेगा। पूजा समिति के लोगों ने महायज्ञ की सफलता को ले श्रद्धालुओं से तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की गई। मौके पर प्रेमनाथ विश्वकर्मा, बृजनंदन दास, राहुल मंडल, गौतम बोस, जगदीश राणा, पुतुल गिरी, अभिषेक मिश्रा, सागर कुमार, राजकुमार तुरी, विजय कुमार दुबे, सुमित कुमार, उमेश सहित कई लोग मौजूद थें।

# बरही पूर्वी मंडल में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बरही। प्रखंड अंतर्गत करियातपुर स्थित सनराइज स्कूल में भारतीय जनता पार्टी 44वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बंधन यादव तथा संचालन महामंत्री कमल शंकर पंडित ने किया।

मौके पर बरही पूर्वी मंडल प्रवाशी प्रभारी रमेश सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव,बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरि सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव व मुखिया मोतीलाल चौधरी ने सम्बोधित करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रमेश सिंह ने कहा कि देश के राजनीतिक इतिहास में छह अप्रैल का दिन खास अहमियत रखता है। उन्होंने भाजपा के संदर्भ में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 में आज ही के दिन हुई थी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा 1951 में स्थापित भारतीय जन संघ से इस नई पार्टी का जन्म हुआ। 1977 में आपातकाल की घोषणा के बाद जनसंघ का कई अन्य दलों से विलय हुआ और जनता पार्टी का स्थापना हुआ।

पार्टी ने 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस से सत्ता छीनी थी और 1980 में जनता पार्टी को भंग करके भारतीय जनता पार्टी की गई थी। मौके पर मोतीलाल चौधरी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र गिरि, सांसद प्रतिनिधि डोमन पाण्डेय उपाध्यक्ष किरण वर्मा, संतोष प्रजापति, नन्दलाल कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष रितेश केशरी, महामंत्री सागर कुमार,अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रामशरण पासवान, महेंद्र रविदास सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

**बरही में स्थापना दिवस मना :** बरही स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी के कार्यकताओं ने पार्टी का 44वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यकताओं ने मां भारती, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विदेश में बज रहा डंका : मनोज यादव

कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो सभी वर्गों को साथ लेकर देश व समाज के विकास में कार्य करती है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा देश का विकास कर रही है और विदेशों में भी भारत का डंका बज रहा है।उन्होंने कहा कि हमें पार्टी के संगठन को और मजबूत करना है ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का परचम बरकरार रह सके। मौके पर जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, बरही पश्चिमी जीप प्रतिनिधी गुरुदेव गुप्ता, सुरेंद्र रजक, परमेश्वर यादव, रितेश गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि गरियाकरमा राजन ओम सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## मुखिया ने बिरोहर महिलाओं को दिया साड़ी



दारू। प्रखंड क्षेत्र के पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने गुरुवार को जरगा में कुछ माह पूर्व ईसाई धर्म से हिन्दू धर्म मे शामिल हुए बिरहोर परिवार की महिलाओ के बीच साड़ी का बितरण किया। मुखिया ने यहां पर तीस महिलाओं के बीच साड़ी वितरित किया।साड़ी पाकर बिरहोर परिवार की महिलाएं काफी खुश नजर आई। साड़ी पाने वाली महिलाओं ने कहा कि पहली बार किसी मुखिया ने उनकी इतनी सुध ली है जो कि उनका इतना खयाल रखते है।इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि यहां के कुछ बिरहोर परिवार लालच में पड़ कर ईसाई धर्म मे जुड़ गए थे जिन्हें काफी मसक्कत के बाद हिन्दू धर्म मे वापसी कराया गया था, उन्होंने तभी इस मुहल्ले में रहने वाले लोगों से वादा किया था कि उनके सुख दुख में उनके साथ खड़ा रहूंगा। वह अपना यही वादा पूरा करते हुए आज साड़ी का बितरण किया और आगे भी उनके जरूरत के समय हमेशा खड़ा रहूंगा। साड़ी पाने वाले में कजली बिरहोर,कर्मी बिरहोर,ललिता बिरहोर, खुशबू बिरहोर, पार्वती बिरहोर, राखी बिरहोर,कमली बिरहोर, अंजली बिरहोर,बिरसी बिरोहर सहित दर्जनों अन्य महिलाओं शामिल थे। साड़ी बितरण करने में मुखिया के साथ समाजसेवी अजित कुमार,उप मुखिया प्रदीप यादव, गौतम देव, जगतपाल राणा,टिंकू कुमार आदि मौजूद थे।

### जेएसपी पतरातू में धूमधाम से मनी हनुमान की जयंती

**बासल (रामगढ़)।** भगवान हनुमान जी की जयंती के अवसर पर गुरूवार को जेएसपी पतरातु कैंपस में पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम जेएसपी प्लांट हेड आरके अजमीरिया के मार्ग दर्शन मे जेएसपी पतरातु के कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने पूरे भक्ति भाव के साथ भगवान हनुमान अभिषेक किया। इसके बाद हनुमान जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ का आरम्भ हुआ। इस दौरान रांची, श्याम मन्दिर हरमू के रत्नाकर शर्मा मण्डली द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कार्यकर्म का समापन भव्य भंडारे के साथ हुआ। समारोह को सफल बनाने में संस्थान प्रमुख आरके अजमीरिया के दिशा निर्देश में संतोष कुमार, हर्ष प्रियदर्शी, राजीव रंजन, अरमेंद्र पाठक, डेकोरेशन कमेटी, भंडारा कमेटी, प्रसाद वितरण कमेटी सहित समस्त कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### मुखिया ने मृतक के आश्रित की बेटी का विवाह और पढ़ाई का लिया जिम्मा

**दारु।** पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव अपनी बेबाक छवि और हमेशा लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते है। मुखिया हरपल अपने पंचायत के लोगों के सुख दुख में शामिल रहते है। पंचायत के जरगा में सरजू पासवान ( 40 वर्ष ) की मौत बीमारी के कारण हो गई थी जिनके ब्रह्म भोज में मुखिया और अजीत कुमार शामिल हुए। मृतक की दो बेटी है जिनमे एक कि शादी हो चुकी है जबकि दूसरी बेटी अभी बारहवीं की पढ़ाई कर रही है। मुखिया ने तत्काल मृतक की पत्नी रीना देवी को पांच हजार एक सौ रुपैये की आर्थिक सहायता देते हुए मृतक की छोटी बेटी की पढ़ाई और विवाह का सारा खर्च उठाने का वादा किया। प्रखंड के पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह समाजसेवी अजीत कुमार ने भी अपने तरफ से पांच हजार एक सौ रुपैये का सहयोग पीड़ित परिवार को किया मुखिया की इस पहल का पुनाई पंचायत के साथ साथ पूरे प्रखंडवासी सराहना कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया अनिल और समाजसेवी अजीत ने परिवार की आर्थिक मदद के साथ बिटिया की पढ़ाई और विवाह की जिम्मरवारी लेकर बहुत ही नेक कार्य किया है जिसे करने में अच्छे अच्छे लोगो के पसीने छूट जाते है। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह सामजसेवी अजित कुमार उप मुखिया प्रदीप यादव सहित कई लोग शामिल थे।

## चरही में कोयला ढुलाई में निर्देशों का खुलेआम उड़ायी जा रही है धज्जियां

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं से कोयला लादकर निकलने वाले हाइवा वाहन से कोयला प्रतिदिन सड़कों पर गिरता रहता है।सड़क से आवागमन करने वाले अन्य वाहन चालक काफी परेशान हैं।हाइवा लदा कोयला कब किसके ऊपर गिर जाय।कोयला गिरने से कई लोग चोटिल हो चुके हैं।इसके बावजूद भी इस पर किसी को ध्यान नहीं है।लदे कोयले को त्रिपाल से ढककर रेलवे साइडिंग तथा अन्य पावर प्लांट में ले जाने का निर्देश सीसीएल प्रबंधन के द्वारा दिया जा चुका है।इसके बावजूद इनकी निदेर्शों को खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।हाइवा ट्रक के चालक त्रिपाल से आधे कोयले को ढककर तेज रफ्तार में चल पड़ते हैं।जर्क के कारण ट्रक से कोयले सड़कों पर गिर पड़ते हैं।इससे कंपनी को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।इतना ही नही तेज रफ्तार में चलने से सड़क पर करने वाले ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।कब कौन व्यक्ति हाइवा के चपेट में आकर अपने जान को गवां जाय।कई ऐसे हाइवा ट्रक चालक हैं,जिनके पास लाइसेंस नहीं है।कई ऐसे भी हैं,जो नकली लाइसेंस बनवाकर चला रहे हैं।सभी हाइवा ट्रक में नौटेलिये चालक हैं।जो सही ढंग से वाहन को चलाना नहीं आता है।जिस कारण सड़क दुर्घटना हो जाती है।भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में भी इनकी रफ्तार कम नहीं होती है।कारण की अधिक से अधिक हाइवा मालिक को ट्रिप देना होता है।मालिक का भी निर्देश रहता कि अधिक ट्रिप लगाना है। ऐसे चालक को पसंद किया जाता है ।इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार प्रबंधन मौखिक और लिखित रूप से जानकारी दिया जा चुका है।लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कि गई है।

### खेल को बढ़ावा के लिए पीवीयूएनएल करता रहेगा सहयोग : रविंद्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अन्तराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को पीवीयूएनएल परियोजना तथा निकटवर्त्ती 11 ग्राम पंचायतों के मुखिया एकादश के बीच हेसला ग्राम के इमली मैदान में मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें सभी 11 पंचायतो के मुखिया व पंचायन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुखिया एकादश की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पीवीयुएनएल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 90 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी मुखिया एकादश की टीम ने मात्र 8.2 ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान 95 रन बनाकर मैत्री क्रिकेट मैच जीत लिया। इसके पूर्व मैत्री क्रिकेट मैच का उद्घाटन पीवीयुएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्र कुमार दोनो टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर को मैच कैप देकर किया। साथ ही सभी 11 पंचायतों के मुखियाओं के शॉल देकर सम्मानित किया गया।

## यज्ञ से साकारात्मकता का होता है संचार : चौधरी

**निचे धौड़ा भुरकुंडा में 'मां काली मंदिर' के पुर्ननिर्माण को लेकर हुआ भूमिपूजन और ध्वजारोहण**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नीचे धौड़ा भुरकुंडा में 'श्रीश्री 1008 तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह भगवती काली मंडप' जीर्णोद्धार कार्य को ले गुरूवार को मंडप प्रांगण में पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा भूमि पूजन कराया गया। तत्पष्चात ध्वजारोहण किया गया।

सनातन धर्म के इस अतिविशिष्ठ कार्य एवं पूजा व ध्वजारोहणि में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सदस्य सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम शामिल हुए। मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा कि मां काली के मंदिर के निर्माण और यज्ञ से क्षेत्र में साकारात्मकता का संचार होगा। उन्होंने मंडप में मत्था टेक माता रानी से क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की।

वहीं पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि मां काली की कृपा से भक्तों के हर दुख दूर होता है साथ ही खुशियों की वर्षा होती है। उन्होंने कहा कि मां काली सच्चे मन से प्रार्थना करने श्रद्धालुओं की हर मनोकामना भी पूर्ण करती है।

मौके पर मुखिया सह मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अजय पासवान, सचिव आजाद भुइयां, कोषाध्यक्ष सह उपमुखिया संजीत राम, संजय मिश्रा, विश्वरंजन सिन्हा, सूरज करमाली सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

### श्रीश्री हनुमंत महायज्ञ को ले हुआ भूमिपूजन

भुरकुंडा ( रामगढ़ )। नवीन हनुमान प्रतिमा स्थापित करने को ले आगामी 17 से 21 जून तक भुरकुंडा बाजार स्थित खपड़िया बाबा मंदिर में श्रीश्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ होना है। महायज्ञ को ले गुरूवार को खपड़िया बाबा मंदिर प्रांगण में पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित स्वामी दीन दयाल जी महाराज द्वारा भूमि पूजन कराया गया। इसके बाद यज्ञ के लिए ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान जय श्री राम जय हुनमान आदि आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा भुरकुंडा बाजार गूंजता रहा। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## एक नजर में

### कुशवाहा रेडियो व्हिजन एंड फर्नीचर शॉप खुला



बरही। प्रखंड अंतर्गत बरसोत में कुशवाहा रेडियो व्हिजन एन्ड फर्नीचर शॉप का उद्घाटन कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू, पूर्व मुख्य सीता देवी, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, आइलेक्स पब्लिक स्कूल निदेशक शैलेश कुमार एवं समाजसेवी बिष्णुधारी महतो ने संयुक्तरूप से फीता काटकर किया।उद्घाटन कार्यक्रम के पूर्व संस्थान में सनातनी नियम के अनुकूल भगवान की आराधना एवं पूजा अर्चना कर किया गया।संस्थान प्रोपराइटर सुनील कुमार कुशवाहा ने बताया कि शॉप में बिजली उपकरणों के सभी वेराइटीज के अलावे घरेलू उपयोग में आने वाली सभी सामान उपलब्ध होंगे, जिनमे गोदरेज अलमारी ,पलंग, कुर्सी टेबल इत्यादि।उन्होंने कहा कि ग्राहकों को समान खरीदी पर लोन के अलावे आसान किस्तों में समान उपलब्ध कराए जाएंगे।मौके पर पूर्व पसंस वनबिहारी कुमार, उपमुखिया रीता कुमारी, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, समाजसेवी विष्णुधारी प्रसाद,टीएसएस प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार सहित कई लोग मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर झामुमो ने जताया शोक

बड़कागांव।झामुमो प्रखंड कमिटी ने झारखंड के शिक्षा मंत्री टाइगर जगरनाथ महतो के निधन पर शोक सभा किया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने कहा कि झामुमो ने एक योद्धा को खोया है जिससे पूरा झामुमो परिवार मर्माहत है।भगवान दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें, भगवान अपने चरणों में जगह दे एवं उनके घर परिवार को सहन शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य किशोर राणा,प्रखंड सचिव वासुदेव यादव,पूर्व केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां,मुखिया इलियास अंसारी, विशेश्वर राम, राकेश मिश्रा,सफीउलाह अंसारी,संजय सिंह, नंद किशोर भुईया, संजय भुइयां 20 सूत्री सदस्य पवन तुरी, दीपन साव, अशोक गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### झामुमो जिला सचिव ने जताया गहरा शोक

कटकमसांडी ।प्रखंड क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला सह सचिव सरयू मेहता ने झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री , उत्पाद मध निषेध मंत्री जगरनाथ महतो की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया गया है।इस संदर्भ में जिला सचिव सरयू मेहता ने बताया कि मंत्री जगरनाथ महतो की मौत से झारखंड मुक्ति मोर्चा को झारखंड में काफी बड़ा क्षति हुआ है।शोक व्यक्त करने में जिले ईकाई के सभी पदाधिकारी, प्रखंड क्षेत्र के मनोनीत सदस्य ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### शिक्षामंत्री के निधन पर दो दिनों की राजकीय शोक

बरही। जगरनाथ महतो मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड के असामयिक निधन पर राज्य सरकार ने दिवंगत I मंत्री के सम्मान में 06 अप्रैल से 07 अप्रैल तक दो दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया है। उक्त अवधि में उन सभी भवनों, जहाँ नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे एवं किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि राज्य सरकार के सभी कार्यालय दिनांक 06 अप्रैल 2023 को बन्द रहेंगे।राज्य सरकार के राजकीय शोक के निर्णय के आलोक में प्रखण्ड सह अंचल के सभी अधिकारीयों व कर्मियों ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीआई सतीश कुमार सिन्हा, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, मो इम्तियाज, दीपक कुमार, सुभाष कुमार, सहोदर कुमार, जीवलाल, सागर कुमार, कृष्ण मोहन सहित अन्य प्रखण्ड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

### न्यू ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल के हॉस्टल उद्घाटन

पदमा। पदमा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र कुटीपीसी पंचायत अंतर्गत ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल हॉस्टल का आज उद्घाटन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज यादव जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता पदमा प्रखंड के प्रमुख बीना देवी कुटीपिसी पंचायत के मुखिया अनिता देवी पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर मेहता एवं नन्कु मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। बच्चों अभिभावकों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में यह कार्य असंभव होते हुए भी विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार एवं विद्यालय के संचालक अर्जुन शर्मा के हौसले ने यह साबित कर रहे हैं कि कोई भी काम असंभव नहीं होता है। हम खुशी पूर्वक यह सभी को कहना चाहेंगे कि बच्चों की शिक्षा जो हजारीबाग में हो रही है।वही शिक्षा ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल के माध्यम से दिया जा रहा है। इसका श्रेय विद्यालय के प्रचार एवं संचालक को और शिक्षकों को जाता है। कुटीपीसी पंचायत और आसपास के गांव में भी अभिभावकों को या खुशी मिल रही होगी कि हजारीबाग के विभिन्न स्कूलों में जिस तरह की शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। वह शिक्षा हमारे बच्चों को इस ग्रामीण क्षेत्र में मिल रही है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर मेहता ननकू मेहता कटकमसांडी भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष रीतलाल यादव अजीत कुमार दास संदीप कुमार मेहता अशोक कुमार मेहता मुकेश कुमार मेहता कंचन देवी संजीत कुमार पाण्डेय शंकर मेहता संजय यादव चंपा कुमारी सबनम मारा मुनि यादव सारीका मैम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मिट्टी गिरने से एक की मौत और तीन घायल

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के खैरा पंचायत के बेडमक्का गांव भलुआ बाद स्थल में कुआं निर्माण कार्य में अचानक मिट्टी गिरने से मजदूरों में त्रिभुवन प्रसाद ,चंदर महतो,चरक पासवान,महावीर महतो पर अचानक मिट्टी गिरने से चार लोग घायल हो गए। वही गंभीर रूप से घायलों एक मजदूर महावीर महतो पिता गिद्दा महतो को बेहतर इलाज के लिए परिजनो ने आनन फानन में हजारीबाग सदर अस्पताल ले गए। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा जांच करने पर मृत घोषित कर दिया गया। परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी ,एक पुत्र तीन पुत्रियां ,बहु समेत भरा पूरा परिवार को छोड़ गए। प्रत्यक्ष दर्शी ग्रामीणों ने कहा की बलुआ बाद स्थल में कुआं का निर्माण किया जा रहा था। लगभग 14 फिट की गहराई हुई थी की अचानक मिट्टी मजदूरों पर गिर गया। जिससे इस प्रकार की दुर्घटना हुआ।

### बरही आइलेक्स पब्लिक स्कूल में शोकसभा



बरही। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर आइलेक्स पब्लिक स्कूल के सभागार में शोकसभा आयोजित की गई। इस मौके पर विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार, शिक्षकेत्तर कर्मियों और छात्र छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बताते चलें कि झारखण्ड के शिक्षा मंत्री का गुरुवार को चेन्नई के एम जी एम अस्पताल में हो गया। उन्होंने चेन्नई में इलाज के दौरान अपनी अंतिम सांस ली। गौरतलब हों कि उनकी तबीयत पिछले काफी लंबे समय से खराब चल रही थी। बीते महीने एक रात जब उनकी हालत कुछ ज्यादा बिगड़ गई, तो उन्हें रांची के पारस हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया, फिर बेहतर इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस के जरिए चेन्नई के एमजीएम अस्पताल में ले जाया गया। यहीं फिलहाल उनका ट्रीटमेंट चल रहा था। शिक्षा मंत्री के निधन का सन्देश मिलते हीं सभी जगह शोक की लहर दौड़ गई।

### सांसद प्रतिनिधि ने किया करोड़ों की लागत से बन रहे एफसीआई गौदाम का औचक निरीक्षण, घटिया निर्माण देख जतायी नाराजगी

# भवन की आधारशिला ही नहीं बल्कि भविष्य भी सवालों के घेरे में: प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर गुरुवार को प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत भवन निर्माण विभाग से लगभग एक करोड़ ग्यारह लाख की राशि से बनाए जा रहे एफसीआई गौदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में कई कमियां पाई। सबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति में कार्य होता देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद विभाग के जेई केदार प्रसाद से दूरभाष पर संपर्क कर पूछताछ की। जहां जेई ने बताया कि वह महुआडाड़ में हैं। सांसद प्रतिनिधि ने उन्हें निर्माण कार्य में लगाए जा रहे घटिया ईट को तुरंत हटाने की बात कही। इधर कन्हाई प्रसाद ने खबर मंत्र को बताया कि एफसीआई गौदाम के निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार सीमेंट के ईट को लगाना है, लेकिन घटिया लाल पेटी ईट का इस्तेमाल किया जा रहा है। मिट्टी युक्त घटिया


मेटेरियल में भी बरती जा रही है अनिमियतता

किस्म की बालू से मेटरियल का निर्माण कराया जा रहा हैं। जिससे यह साफ प्रतीत होता है कि यह बालू चालान का नहीं हैं। भरावट में जहां बालू का उपयोग करना चाहिए था। वहां ठिकेदार को फायदा पहुंचाने की नियत से लगभग ढाई सौ ट्रेक्टर मिट्टी से भरावट कर दी गई हैं। जिससे करोड़ों की लागत से बन रही इस भवन की आधारशिला ही नहीं बल्कि पूरा भवन का भविष्य ही खराब होता दिखाई दे रहा हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुराने ब्लॉक भवन से बिजली का इस्तेमाल होता देख कर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चोरी की बिजली से कार्य हो रहा है। एक तरफ जहां घर के विद्युत कनेक्शन का उपयोग खुद के दुकान में किए जाने से विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज करा दिया जाता है, और मोटा फाइन ठोक दिया जाता है। भाई अपने सगे भाई को भी विद्युत कनेक्शन नहीं दे सकता है। वहीं दूसरी ओर खुलेआम चोरी की बिजली से कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग चतरा सांसद सुनील सिंह और जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से करने की मांग की है।

## एक नजर में

### एकमात्र एटीएम बना हाथी का दांत, कभी खुलता ही नहीं

**महुआडांड़।** प्रखंड स्थित एकमात्र भारतीए स्टेट बैंक एवं उसके सहयोगी झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में कई दिनों से कैश की कमी बनी हुई है। जिसके कारण ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले की गुड फ्राईडे एवं चल रहे रमजान के महीना में भी ग्राहको को प्रखंड के एकमात्र बैंक द्वारा कैश भुगतान नहीं किए जाने से ग्राहक परेशान है। इतना तक की बिमारी के ईलाज में अन्यथा बहुत जरूरी रहने पर भी अपना पैसा रहते लोग अपनी राशि नही निकाल पा रहें हैं। वहीं प्रखंड का एकमात्र एटीएम भी हाथी का दांत बन चूका है। जो कभी खुलता ही नहीं है। वहीं इस संबंध में कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर ने कहा कि बैंक में राशि नहीं मिलने के कारण त्योहार की तैयारी में लोगो को परेशानी हो रही है या फिर बाजार से ब्याज में या किसी परिचित से पैसा लेना पड़ रहा है। राशि को लेकर कई बार ग्राहक व बैंककर्मी में झड़प भी हो जा रही है इसके बावजूद बैंक में पर्याप्त राशि नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण ग्राहकों को राशि देने में बैंककर्मी को परेशानी हो रही है। कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर ने इसका निदान करने की मांग प्रशासन से की है, अन्यथा आक्रोशित होकर यंहा कि जनता चरणबद्ध आंदोलन चलाने की बात कही है।

### पर्यटकों को लुभायेगा सुग्गाबांध और मिरचईया का वुडेन ब्रिज

**गारू।** देश के प्रमुख टाइगर रिजर्व में शामिल पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) को जिला प्रशासन आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। इसके तहत पीटीआर ने इको टूरिज्म के तहत पयर्टन स्थलों को चयनित कर चरणबद्ध रुप से विकसित करने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। लातेहार जिले के पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध मिरचईया फॉल के साथ सुग्गा बांध को भी सवारने का काम किया जा रहा हैं, साथ ही जिले को पर्यटन उद्योग में आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी गारू प्रखंड के सुग्गा जलप्रपात को अकर्षक बनाया जा रहा है, बांध पर लकड़ी का पुल और पांच गजीबो जलप्रपात खूबसूरती में चार-चांद लगा रहा है। सुग्गा बांध जलप्रपात अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिये जाना जाता है, अत्यंत सघन जंगलो के बीच से गुजरती बूढ़ा नदी काफी आकर्षक और रोमांच का अनुभव कराती है। खड़ी और काफी चिकनी पत्थरों के पहाड़ पर लकड़ी का खुबसूत और टिकाऊ पुल बनाया जा रहा है। इसके बेस में टीएमटी बार, कंक्रीट के साथ लोहे का पिलर दिया जा रहा है। उसके ऊपर साल की लकड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी डिवीजन डिप्टी डाइरेक्टर कुमार आशीष ने बताया की पर्यटकों को बेहतर सुविधा के लिए व स्थानीय ग्रामीणों के रोजगार के लिए सुग्गा फॉल में लकड़ी का पुल (वुडेन ब्रिज) और पांच गजीबो का निर्माण कराया जा रहा है। इससे जलप्रपात के ऊपरी हिस्से तक पहुंचना पर्यटकों के लिए काफी आसान हो जाएगा। इससे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इसका संचालन इको विकास कमिटी के माध्यम से किया जाएगा। जैसे लोध जल प्रपात और मिरचईया जल प्रपात में की जा रही है। अभी पहला पार्ट में लकड़ी पुल बनेगा। इससे भी बड़ा लकड़ी का पुल बने इसके लिए प्रस्ताव भी भेजा जा रहा है।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर नेतरहाट विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन

**महुआडांड़।** महुआडाड़ प्रखण्ड स्थित नेतरहाट शिक्षक, कर्मियों एवं विद्यार्थीयों ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार, स्व. जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय परिसर में प्राचार्य डाँ संतोष कुमार सिंह के निर्देश अनुसार प्रभारी प्राचार्य प्रसाद पासवान नेतृत्व मे शोक सभा का आजोजन किया गया। जिसमें नेतरहाट विद्यालय के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों व छात्रों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर भावभीनी श्रंद्धाजलि दी। पदाधिकारियों/कर्मियों व छात्रों के द्वारा परमात्मा से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। वही शोक सभा में उपस्थित लोगों को शिक्षक रवि प्रकाश ने दवगंत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का नेतरहाट आवासीय विद्यालय भ्रमण के कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेतरहाट विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहें थे कि नेतरहाट विद्यालय की तरह झारखंड में सभी जिलों में खोले जाने कि आवश्यकता है। प्रभारी प्राचार्य प्रसाद पासवान ने शोक संदेश में देवगंत आत्मा की शान्ति के कामना कर उनके परिवार को दुख सहने कि क्षमता मिलें। शोक सभा के बाद मंत्रीजी के सम्मान करते हुए विद्यालय के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर सहायक अध्यापकों ने किया शोक सभा का आयोजन

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय के कन्या मध्य विद्यालय परिसर में बरवाडीह के सहायक अध्यापकों द्वारा झारखंड के शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सहायक अध्यापकों ने दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जहां सहायक अध्यापकों ने कहा कि शिक्षा मंत्री स्व महतो सहायक अध्यापको के सबसे बड़ा हितेषी थे। सहायक अध्यापकों के प्रति उनका निधन पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। इस क्षति को कभी नहीं भरा जा सकता है। मौके पर प्रखंड सचिव संजीव कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, विजय प्रसाद, बलराम सिंह, कुमार सौरभ, लाल बिहार यादव, ललन सिंह, प्रमोद यादव, अरविन्द कुमार, नंदलाल राम, डिलेस कुमार, अनिल प्रसाद, अनिल सिंह, अमित कुमार, अवध कुमार, अलोक कुमार, धर्मेंद्र सागर शर्मा जनेश्वर सिंह और आशीष रंजन आदि कई सहायक अध्यापक मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री का निधन अपूरणीय क्षति: अतुल

**लातेहार।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा लातेहार के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार महासचिव अनूप कुमार ने सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का ईलाज के दौरान चेन्नई के अस्पताल में निधन हो जाने के बाद गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा की उनका जाना हम सभी सहायक अध्यापकों के लिए भारी क्षति है। वो हमेशा हमारी वेतनमान की मांग को लेकर प्रयासरत रहते थे और हम सभी को उम्मीद था की वो ठीक होकर वापस आने के बाद वेतन मान जरूर दिला देंगे।

उनके निधन से हम सभी मर्माहत है। शोक व्यक्त करने वालो में प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकेश पाठक, प्रमोद पांडे, बेलाल अहमद, गोविंदा कुमार, अभिनय मिश्र, प्रवीण सिंह, रुद्रप्रताप सिंह, पवन यादव, शेखर यादव, लाल आशीष नाथ शाहदेद, मनोज सहाय, संजय सिंह, दिलीप प्रसाद, समोधी यादव, विजय यादव, बबलू सिंह, विजय तिर्की, उमेश प्रसाद, उमेश साहू, भुनेश्वर पांडे, राजेश सिंह, सुनील सिंह, उमेश साहू, विनोद मिश्रा, कुंज बिहारी प्रसाद, दया उरांव, निर्मल उरांव, सतेंद्र यादव, दिनेश ठाकुर, महाभारत भगत, संजय दिवेधी, उमेश यादव समेत जिले के कार्यरत लगभग 1500 एवं सूबे में कार्यरत लगभग 62 हजार सहायक अध्यापकों में शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

## भारतीय जनता पार्टी ने अपने मंडल कार्यालय में मनाया स्थापना दिवस


स्थापना दिवस मनाते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर एवं भाजपा मंडल कार्यालय में भाजपा का झंडा लगाने के साथ स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, पूर्व जिला ओबीसी महामंत्री देवनन्दन प्रसाद, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, प्रदीप यादव, मंडल उपाध्यक्ष पंचानंद पांडेय, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, एससी मोर्चा मंडल महामंत्री मोनू पासवान, संतु प्रसाद समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह कार्यक्रम के तहत जनसंघ काल के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को किया गया सम्मानित

## भारतीय जनता पार्टी ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के भाजपा कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में झंडोत्तोलन किया गया। सर्वप्रथम श्रद्धा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि के पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह के अध्यक्षता में जनसंघ काल के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को बारी-बारी से सम्मानित किया गया। जिसमें गोपाल उपाध्याय, जवाहर अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद शौण्डिक, जयप्रकाश महालका, नारद पांडेय एवं प्रेमचंद दास के नाम शामिल है। वहीं प्रदेश किसान मोर्चा के द्वारा प्रदेश से नियुक्त कार्यक्रम प्रभारी


मौके पर मौजूद लोग


राजीव शाहदेव संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ काल से जुड़े सभी जनसंघी वरिष्ठ भाजपा के नेता का परिश्रम का फल है कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी, और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंच रही है। चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, गरीब हो, दिव्यांग हो सभी स्तर पर सामाजिक सद्भाव के साथ विकास कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन बंसी यादव ने किया। मौके प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, कार्यक्रम सह प्रभारी राजेश शाह, नगर पंचायत के अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती प्रसाद सोनी, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे उषा देवी, जिला मंत्री संतोष यादव, महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पलामू प्रमंडल के प्रभारी कल्याणी पांडे,जिला कार्यसमिति सदस्य रामदेव सिंह, रानी देवी, गणेश प्रसाद, मनोज प्रसाद, आशा देवी किसान मोर्चा के चंदवा मंडल अध्यक्ष राजमणि वैद्य, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गोविंद प्रसाद, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण प्रमोद कुमार, नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार, मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी, विवेकानंद गुप्ता, युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यलय में पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तस्वीर में माल्यार्पण एवं पुस्पार्पित किया गया एवं भारतीय जनता पार्टी का झंडा लगाने के साथ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर देश के यस्यस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, भाजपा वरिष्ठ मुरली प्रसाद, पूर्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर, मंडल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी एवं कन्हैया प्रसाद, विजय प्रसाद, गोपाल जायसवाल समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामील हुए।

## चंदवा में भाजपाइयों ने मनाया पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस


स्थापना दिवस मनाते भाजपा कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा मंडल भाजपा कमेटी के द्वारा गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर चंदवा के इंदिरा चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में मंडल अध्यक्ष अमित कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। जिसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री श्रधेय अटल विहारी वाजपेयी जी हुए थे।पार्टी 2 सांसद पहली बार जीत कर आई थी, पार्टी बहुत संघर्ष करते निरंतर आगे बढ़ती रही, आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है व केंद्र समेत कई राज्यों में हमारी सरकार है।

## आजसू पार्टी ने निकाली जन आक्रोश रैली


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडेय के नेतृत्व में गुरुवार को जन आक्रोश रैली निकली गई। यह रैली बाजार टांड़ से शुरू होकर थाना चौक मेन रोड होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान अंचल को दलालों से मुक्त करो, जमीन की हेराफेरी बंद करो, भ्रष्टाचार को राजनीतिक संरक्षण देना बंद करो समेत कई नारे जोर-सोर से लगाया गया। जहां रैली में सम्मिलित सभी लोगों ने हाथों में तख्ती पोस्टर लिए हुए एकदिवसीय धरना दिया गया। यह रैली सदर प्रखंड के अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ निकाली जन आक्रोश रैली


धरना में बैठे आजसू कार्यकर्ता

निकाली गई थी। वहीं सभा को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने बताया कि अंचल कार्यालय परेशान कर रही है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंचल कार्यालय में जितने भी कार्य हो रहा है। दलालों के द्वारा ही हो रहा है। उसी के खिलाफ यह धरना व रैली निकाला गया है। पर मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, संजय कुमार तिवारी, प्रीतम कुमार गुप्ता, ताज मोहम्मद, एसएस यादव, दीपक प्रजापति, नबू भुइंया, बिनोद यादव, अजय मांझी, आरती देवी, राहुल कुमार पांडेय, नानू भुइंया, मनोज भुइयां, रीमा देवी, चिंता देवी, पूजा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## किता हनुमान मंदिर मे मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव


जन्मोत्सव मनाते भक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखण्ड के शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव की धूम देखने को मिली। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रखण्ड के किता आन स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पुजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर के पुजारी सुजीत पांडे ने पुरे विधि विधान से पुजन व हवन कार्य करवाया। पुजन मे मुख्य यजमान राजन भगत थे। राजन भगत ने बताया कि इस मंदिर का प्राचीन इतिहास है। स्व. राम जी प्रसाद के द्वारा लगभग 41 वर्ष पूर्व उक्त मंदिर का निर्माण करवाया गया था एवं मंदिर का जिर्णोद्धार उनके पुत्र राजेश भगत के द्वारा विगत वर्ष करवाया गया है। राजेश भगत के मार्गदर्शन में ही इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। मौके पर कृष्णा प्रसाद भगत, विजय भगत, मंगलेश्वर व्यास, रिंगलू कुमार आदि एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ियां

### बोरवेल की गहराई कम होने के कारण टंकी में नहीं चढ़ पा रहा है पानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** गुरुवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जल जीवन मिशन में अनियमितता की शिकायत मिली। जिसपर संज्ञान लेते हुए पेयजल विभाग के इंजीनियर को बुलाकर कई पंचायतों में योजना की जांच की गयी। जिसमें कई योजनाओं में भारी गड़बड़ी की शिकायत मिली है। जिसमें बालू के खैराही ग्राम में कामेश्वर उरांव के घर के आगे दो घरों मे नल नहीं दिया है। ढलाई में सीमेंट का मात्रा इतना कम है कि सीमेंट वाला फाउंडेशन टूट रहा है। बालू के तुमबागड़ा ग्राम में पानीटंकी टोंगरी


जिप उपाध्यक्ष को जल जीवन मिशन की अनियमितता की जानकारी देते ग्रामीण

से नीचे लगाया है। जिसके कारण टोंगरी वाला घर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। गांव वाले के मना करने के बावजूद भी टंकी बहुत नीचे कर दिया है। वहीं तुम्बागड़ा के मनोज गंझू के घर के पास टंकी आज तक भर नहीं पाया है। और कुछ घर में पानी अभी तक नहीं पहुंचा है गांव वाले पानी के लिए परेशान है। वहीं कलकलिया ग्राम निवासी कलदेव लोहरा के घर के पास बोरिंग नहीं किया है और जबरदस्ती गांव वाला का पुराना चापाकल जो गर्मी में सूख जाता है।

### विद्यालय में शोक सभा का आयोजन

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में झारखंड के माननीय शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### झामुमो व सरकारी संस्थानों में हुआ शोकसभा

**चंदवा।** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो का इलाज के दौरान चेन्नई में निधन हो गया। इसके बाद से पूरे राज्य में शोक की लहर दौड़ गई। झामुमो प्रखंड कमेटी के अलावे सरकारी संस्थानों में मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ विजय कुमार के नेतृत्व में दो मिनट का मौन रखा गया।

## बीडीओ ने की सड़क की जांच उपायुक्त महोदय को भेजी जाएगी जांच रिपोर्ट: राकेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खबर मन्त्र असर**

**बरवाडीह।** खबर मंत्र में छपी खबर का असर एक बार फिर से देखने को मिल रहा है। दरअसल गुरुवार को प्रखण्ड मुख्यालय की लाइफलाइन माने जाने वाली नवनिर्मित सड़क गड्ढे में तब्दील नामक शीर्षक से संबंधित खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव ने मामले में संज्ञान लेते हुए बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय को जांच के निर्देश दिए। इधर बीडीओ श्री सहाय ने बस स्टेंड अंबेडकर चौक से आदर्श नगर होते हुए स्टेट बैंक तक सड़क की जांच की। इस दौरान सड़क में बने हुए अनगिनत गड्ढे को


सड़क की जांच करते बीडीओ राकेश सहाय

देखकर उन्होंने भी नाराजगी व्यक्त की। बीडीओ ने कहा कि सड़क की जांच की गई है। शीघ्र ही इसकी रिपोर्ट उपायुक्त महोदय को भेजी जाएगी।

इधर बीडीओ द्वारा किए गए जांच से स्थानीय दुकानदारों और लोगों ने उपायुक्त महोदय का आभार जताया है, लोगों में आवश्यक करवाई की उम्मीद जग गई है। इधर मिली जानकारी के अनुसार कोरोना काल में उक्त सड़क दो या तीन फेज में बनाई गई थी। जिसकी अनुमानित राशि संभवत एक करोड़ रुपए से अधिक थी। लेकिन योजना में बोर्ड में फेज टू अंतर्गत 4982681 अंकित है। जो कि जांच का विषय है। जानकारी देते चलें कि यह सड़क राज्य संपोषित योजना अंतर्गत ग्रामीण विकास विभाग लातेहार के तहत बनाई गई थी।

स्पीड न्यूज

## नगर परिषद अध्यक्ष को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी

**किशनगंज।** नगर परिषद अध्यक्ष एवं उनके पुत्र के मोबाइल नम्बर पर जान से मारने की धमकी दिए जाने और अश्लील शब्दों का प्रयोग किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में नगर परिषद के अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान ने गुरुवार को सदर थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवायी है। उन्होंने बताया है कि 22 मार्च को नगर परिषद के अध्यक्ष के मोबाईल 7979868624 पर एवं 5 अप्रैल को उनके पुत्र के मोबाईल नम्बर 9883751327 पर मोबाइल नंबर 9661852858 से कॉल आया। जिसमें विभिन्न प्रकार का अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए जान मारने की धमकी दी गई। नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान ने कहा कि इस प्रकार का कॉल आने के बाद अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा हूं।जो भी दोषी हैं उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## शिक्षा मंत्री को दी गयी श्रद्धांजलि

**चक्रधरपुर।** सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर चक्रधरपुर में भी शोक की लहर है। पंप रोड स्थितसेक्रेड हार्ट इंग्लिश स्कूल में प्रधानाचार्या अंजलिना फर्नांडो के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षकाएं और बच्चों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। शोकसभा के पश्चात स्कूल में अवकाश की घोषणा की गई। प्रधानाचार्या अंजलिना फर्नांडो ने शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा जगत अचंभित और शोकाकुल है। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जगरनाथ महतो के दिए गए योगदान को राज्य होशा याद रखेगा। उनके आकस्मिक निधन पर संकट की घड़ी में पूरा सेक्रेड हार्ट इंग्लिश स्कूल परिवार मृतक के परिवार के साथ है। उन्होंने कामना की कि ईश्वर उनकी पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार के सदस्यों को शक्ति एवं हौसला दें।

## भाजपा कार्यकर्त्ता को किया गया सम्मानित

**दुमका।** भाजपा प्रदेश द्वारा निर्देशित कार्यक्रम सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह के तहत गुरूवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश मंडल के नेतृत्व में जनसंघ काल के कार्यकर्ता रामेश्वर सिंह और चन्द्रभूषण साह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेंद्र सिंह मुन्ना, नगर अध्यक्ष पंकज वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी बैजनाथ बेसरा, जिला महामंत्री अमन राज, मंत्री मनीष कुमार ,जिला मीडिया प्रभारी दीप्तांशु कुमार आदि भाजपाई मौजूद थे।

## एसपी कॉलेज में शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा

**दुमका।** एसपी कॉलेज में राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। शोकसभा का आयोजन प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव के अध्यक्षता में आयोजित हुई। यहां बता दें कि मंत्री जगरनाथ महतो का निधन चेन्नई में लंबे बिमारी के कारण इलाज के दौरान हो गई।

# नमूना की जांच के बाद काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर पर लगी रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला कोलकाता में काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का नमूना की जांच में इसे स्वास्थ्य के लिए असुरक्षित केटेगरी का पाया गया है। जांच रिपोर्ट और खाद्य विश्लेषक की टिप्पणी के आलोक में एसडीएम ने काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। 3 अप्रैल 2023 काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के निमार्ता कंपनी मेसर्स ए आर एग्रो इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर आनंद गुटगुटिया को पत्र भेज कर काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर पर रोक लगाने का आदेश दिया है। आदेश में



काइट्स एक्वा

काइट्स एक्वा के पानी को 48 घंटे के अंदर बाजार/उपभोक्ताओं से वापस करने को कहा गया। एसडीएम के आदेश में कहा गया है कि काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर अनसेफ की कैटेगरी के अंतर्गत है। जो अस्वास्थ्यकर, हानिकारक एवं स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है। निर्मित पेयजल खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के मानकों को पूर्ण नहीं करता है। इस परिपेक्ष्य में निर्मित पेयजल के उपयोग से आम जनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने के साथ गंभीर बीमारी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। अतः खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 36 उपधारा 3(ख) में प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक काइट्स एक्वा के किसी तरह के पानी के विक्रय पर प्रतिषिद्ध लगाया जाता है। अधिनियम के धारा 28 उपधारा (1) के आलोक में काइट्स एक्वा के सारे पानी को 48 घंटे के अंदर बाजार/उपभोक्ताओं से रिकॉल (वापस) करते हुए अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का निर्देश दिया है। मामले को लेकर प्रोपराईटर आनंद गुटगुटिया ने बताया कि ये सैंपल फुड विभाग द्वारा सितंबर के प्रथम सप्ताह में लिया गया है। जांच रिपोर्ट के 3 टेस्ट में फेल बताया गया है। बाकी 134 रिपोर्ट सही बताया गया है। फिर भी सरकार की प्रक्रिया पूरी करेंगे। बाजार से इस तिथि के माल को वापस लिया जा रहा है। इस बावत एसडीएम कौशल कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर बाजार से बिक्री हुए काइट्स एक्वा वापस लेने का निर्देश दिया गया है। विशेष जानकारी डीसी के निदेर्शानुसार दिया जायेगा।

## काली पूजा में देखने पहुंची डॉ लुईस


मेला देखने पहुंची डॉ लुईस मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मसलिया।** पूर्व समाज कल्याण मंत्री मसलिया प्रखंड क्षेत्र के बाराटाड़, सांपचाला, दलाही व लताबड़ दौरे पर पहुंची पूर्व समाज कल्याण मंत्री डॉ. लुईस मराड़ी काली पूजा में शिरकत की। बताते चलें कि बाराटाड में काली पूजा शामिल हुए। प्रखंड के जामबाद में भाजपा कार्यकर्ता के माताजी व दलाही में भाजपा कार्यकर्ता सुकेन चंद के पिताजी के निधन की खबर सुनकर पिड़ित परिजनों को सांत्वना दिया। रांगा के लताबड़ में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित होकर भागवत के भक्तों संग भागवत सुनी। जहां कथावाचक स्वपन कृष्ण महान्ता के मुखारविंद से वेनुगीत, वस्त्रहरण, रासलीला, गोपीगीत सहित अन्य प्रसंग का विलाप वर्णन किया। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चंद्र दास, संजय मंडल, रोहित नन्दी, मीठू झा, कृष्ण कुमार मंडल आदि मौजूद रहे।

## एसकेएमयू के मनोविज्ञान पीजी विभाग में अंतर विषयक शोध के मूलमंत्र और महत्व पर सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी मनोविज्ञान विभाग में अंतर विषयक शोध के मूलमंत्र व महत्व विषय पर गुरूवार को एक सेमिनार का आयोजित हुई। सेमिनार का आयोजन पीएचडी सोशल साइंस कोर्स वर्क 2022-23 के शोधार्थियों का यूजीसी ( विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली) के निदेर्शानुसार आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष सह कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य संसाधन सेवी के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि शोध विकास की मेरुदंड दंड होती है। शोध समस्याओं का समाधान ही नहीं ढुंढता है, बल्कि जीवन को गुणात्मक ढंग से जीने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। शोध बुराइयों को प्रकाश में लाती है तो समृद्ध राष्ट्र बनने की परिकल्पना को भी पृष्ठभूमि तैयार करती है। डॉ शर्मा ने कहा कि कोई भी समस्या एक कारण विशेष मात्र से उत्पन्न नहीं होकर कई अन्य कारकों से जुड़ी होती है।

यथार्थ को संपूर्णता में समझने व उपयुक्त निर्णय लेने व क्रियार्वंवित करने में इटर डिसिप्लिनरी व मल्टी डिसिप्लिनरी शोध ही सहायक साबित होते है। समस्या का दुष्प्रभाव भी जीवन के अन्य क्षेत्रों पर नकारात्मक रूप से पड़ता है। इस नाते भी अंतर विषयक शोधों की महत्ता बढ़ जाती है। ऐसे में अन्य विषयों के महत्व का सम्मान भी रह जाता है। डॉ शर्मा ने किसी भी शोध विषय को चयन करने के मूलमंत्रों में बताया कि शोधार्थी रिव्यू ऑफ लिटेरेचर तक सीमित नहीं रहकर वैसे विषयों का पूर्व क्षेत्र अवलोकन, संबंधित प्रतिदर्श से साक्षात्कार व कम समय के लिए शोध की कठिनाइयों, डेटा उपलब्धता, क्षेत्र स्वभाव आदि को जानने के लिए पायलट स्टडी भी करना श्रेस्यकर होता है। डॉ शर्मा ने अच्छे सिनोप्सिस के लिए, की वड्र्स, सोशल कॉन्ट्रिब्यूशन आदि आवश्यक स्टेपस के साथ अबस्ट्रैटह्न अवश्य जोड़ने पर जोर दिया। सेमिनार में मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीतिकशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, कॉमर्स, आदि के शोधार्थी शामिल थे।

# अधिवक्ता संघ को लाईब्रेरी में सहयोग का डीसी ने दिलाया भरोसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला अधिकवक्ता संघ कार्यालय पहुंच प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्र एवं उपायुक्त रविशंकर शुक्ला पहुंचे। जहां अधिवक्ताओं की समस्या से प्रधान जज एवं उपायुक्त अवगत हुए। इस अवसर पर डीसी ने अधिवक्ता संघ के लाईब्रेरी में कानून से संबंधित पुस्तकें और अगले 5 साल के एआईआर की कानूनी सिरिज उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। एसडीओ के पुराने कार्यालय को अधिवक्ता संघ को दिलाने का भरोसा दिलाते हुए लाईब्रेरी में पुस्तक उपलब्ध दिलाने का आश्वासन दिया। प्रधान जज की ओर से संघ को एक सप्ताह पूर्व कम्प्यूटर उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव राकेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष में कमल किशोर झा, सोमनाथ दे, कुमार प्रभात, पारस सिन्हा आदि मौजूद थे।


अधिवक्ता संघ से मिलने पहुंचे प्रधान जज और डीसी

## जमुई में जनशताब्दी एक्स. के पहिए में लगी आग, 23 मिनट रुकी रही ट्रेन

एजेंसी

**पटना।** जमुई में गुरुवार सुबह जनशताब्दी एक्सप्रेस के एक बोगी के पहिए में आग लग गई। ट्रेन 12024 डाउन हावड़ा जा रही थी। भलुई -जमुई रेलवे स्टेशन के बीच पड़ने वाली कुंदर हॉल्ट के पास सुबह 8 बजे बोगी नंबर 226404/23 डी1 6 के पहिए में आग लग गई ।हालांकि आग लगने से जान-माल की कोई हानि नहीं हुई। ट्रेन के गार्ड ने बताया कि ब्रेक बाइंडिंग के कारण ये आग लगी थी। आग लगने के बाद करीब 23 मिनट कुंदर हॉल्ट पर ट्रेन खड़ी रही। घटना 399/24 पोल संख्या के पास घटी है। इसके बाद तकनीकी टीम को बुलाया गया और



ट्रेन को रवाना किया गया। इस मामले की जानकारी देते हुए जमुई स्टेशन मास्टर नीतीश कुमार ने बताया कि'ब्रेक बाइंडिंग एक तकनीकी समस्या है। जिसमें ब्रेक जाम हो जाता है, जिससे घर्षण, आग और धुआं पैदा होता है। उन्होंने बताया कि इस घटना से कोई क्षति नहीं हुई है। ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया है। वहीं जनशताब्दी एक्सप्रेस के गार्ड ने बताया की ब्रेक बैंडिंग के कारण धुआं उठा था। इस घटना में कोई नुकसान नहीं हुए है।

# गोइलकेरा साप्ताहिक हाट बाजार के बहुरेंगे दिन, सीएम के घोषणा पर अमल शुरू

### मंत्री जोबा माझी ने अधिकारियों के साथ किया स्थल का निरीक्षण, दो करोड़ की लागत से बनेगी नई दुकानें, शेड व सड़कें

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सैकड़ों लोगों के जीविकोपार्जन का जरिया गोइलकेरा के साप्ताहिक हाट बाजार का कायाकल्प होगा। यहां करीब दो करोड़ रुपये की लागत से नए निर्माण किए जाएंगे। गुरुवार को मंत्री जोबा माझी ने जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त संदीप बक्शी, एसडीओ रीना हांसदा और भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मोहम्मद सैफुल्लाह के साथ गोइलकेरा के हाट बाजार में स्थल का निरीक्षण किया। बता दें



कि पिछले वर्ष 14 अक्टूबर को शहीद देवेंद्र माझी की श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गोइलकेरा के साप्ताहिक हाट बाजार का नए सिरे से निर्माण कराने की घोषणा की थी। जिसे धरातल पर उतारने में जिला प्रशासन जुट गया है। निरीक्षण के क्रम में विभागीय अभियंता ने बताया कि हाट बाजार में नए निर्माण के लिए डीपीआर तैयार हो चुका है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही इसी महीने निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अभी हाट बाजार में लगने वाली दुकानें व्यवस्थित नहीं है। सभी दुकानों का अलग लेन, नए शेड, चबूतरा, पीसीसी सड़कें, पार्किंग, शौचालय, मंच के समीप ग्रीन रूम आदि बनाए जाएंगे। जबकि हाट बाजार परिसर का समतलीकरण कर पेवर्स ब्लॉक भी लगाया जाएगा।

**हाट बाजार से हटाया जाएगा अतिक्रमण :** गोइलकेरा के साप्ताहिक हाट बाजार का एक बड़ा हिस्सा पिछले कुछ वर्षों से अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है। लगातार अतिक्रमण के कारण हाट बाजार का दायरा सिमटता जा रहा है। समान्यतः हाट बाजार में निर्धारित दिवस पर अस्थायी दुकानें लगती है। लेकिन बाजार की जमीन पर अतिक्रमण कर कई स्थायी दुकानें बना दी गई है। अतिक्रमण हटाए बिना हाट बाजार का नए सिरे से निर्माण सम्भव नहीं है। हाट बाजार में आए दिन स्थायी दुकानें बनाकर जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया कि गोइलकेरा के अंचलाधिकारी को अतिक्रमण हटाने और जमीन की मापी के निर्देश दिए गए हैं। एक सप्ताह में बाजार की जमीन की मापी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## आलू -प्याज से लदा ट्रक पलटा, हजारों का नुकसान

**अररिया (हि.स.)।** फारबिसगंज फोरलेन सड़क एनएच-57 पर आबिद बाबू पेट्रोल पंप के समीप मध्य रात्रि आलू और प्याज से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई।जिससे हजारों रुपये मूल्य के आलू प्याज सड़क पर बिखड़ जाने से बर्बाद हो गया। ट्रक पूर्णिया के गुलाबबाग से मधुबनी झंझारपुर जा रहा था इसी क्रम रात्रि करीबन एक बजे ट्रक ड्राइवर चालक राजा यादव का ट्रक से नियंत्रण खो गया और ट्रक सड़क पर पलट गया।घटना को लेकर जानकारी देते हुए ट्रक चालक राजा यादव ने बताया कि बुधवार के देर शाम गुलाबबाग से ट्रक लेकर झंझारपुर



के लिए निकला था।इसी क्रम में आबिद बाबू पेट्रोल पंप के समीप ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई।जिसके कारण ट्रक लदे आलू और प्याज का बोरा सड़क पर गिर गया।साथ ही बोरा फट जाने के कारण पूरे सड़क पर आलू प्याज पसर गया,जिससे हजारों के नुकसान होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# पीएम से मिले राकेश सिन्हा, विकास पर की चर्चा

**बेगूसराय(हि.स.)।** राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा ने गुरुवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर बेगूसराय में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन पर चर्चा की तथा आयोजित प्रतियोगिता का रिपोर्ट कार्ड सौंपा।राकेश सिन्हा ने बेगूसराय में रेलवे सहित शाम्हो पुल और अन्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने विश्व हेरिटेज के लिए नामांकित मेघालय के कांगथांग का भी रिपोर्ट कार्ड भेंट किया। प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार में सम्पूर्ण देश के साथ बेगूसराय का भी सर्वांगीण विकास



का लक्ष्य है। रेल, रोड, पुल, फ्लाइओवर, रेल ओवर ब्रिज, एयरपोर्ट, काबर झील, जयमंगलागढ़, नौला गढ़, ट्रॉमा सेंटर सहित हर क्षेत्र में काम आगे बढ़ रहा है। विकास की रफ़्तार इसी तरह रहेगी और विकसित बेगूसराय का संकल्प मूर्त रूप लेगा। सांसद प्रतिनिधि शम्भू कुमार ने बताया कि राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने आज प्रधानमंत्री के साथ राज्यसभा सांसद पी.टी. उषा से भी मिलकर खेल महोत्सव में उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने बेगूसराय के विकास का पूरा खाका रखा है, अवश्य ही विकसित बेगूसराय का संकल्प राकेश सिन्हा के मार्गदर्शन में पूरा होगा। भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, संजय सिंह, बलराम सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में बेगूसराय में रेल, रोड, पुल सहित अन्य विकास कार्य के लिए नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव और राकेश सिन्हा का अभिनंदन है। रामकल्याण सिंह, डॉ. सुरेश प्रसाद राय, नवीन सिंह, सुनील कुंवर, राकेश रौशन मुन्ना एवं नीरज नवीन आदि ने कहा कि बेगूसराय के खेल महोत्सव का संदेश राकेश सिन्हा के सहयोग से प्रधानमंत्री तक गया, यह सुखद है।

एक नजर में

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपित को दस वर्ष की सजा

**भागलपुर।** भागलपुर के पॉक्सो कोर्ट ने गुरुवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपित को 10 वर्ष की सजा सुनाई है। आरोपित उमेश यादव सहारा इंडिया में शाखा प्रबंधक के पोस्ट पर कार्यरत था। जो अपने पड़ोस के ही रहने वाली नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। जिसके बाद 22 फरवरी 2016 को महिला थाने में मामला दर्ज कराया गया था। जिसके बाद सुनवाई में 1 अप्रैल 2023 को दोषी पाया गया था। जिसे सजा के बिंदु पर रखा गया था। जिसे आज 10 वर्ष की सजा सुनायी गयी है। पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक शंकर जयकिशन मंडल ने बताया कि आरोपित ने बिस्किट देने के बहाने बच्ची को घर बुलाया। उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिसके बाद मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि उमेश यादव पर 1 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा सुनाई गई है। वहीं पीड़िता को 6 लाख रुपये मुवाजा देने का भी निर्देश दिया गया है। शंकर जयकिशन मंडल ने बताया कि अब बच्ची को अपने रिश्तेदार के यहां भजेने में भी लोग डरते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अपने छोटे बच्चों को दूसरों को गोद में देने से परहेज करेंगे।

## पीड़ित मानवता की सेवा का माध्यम बनेगा मनोहर मेमोरियल अस्पताल : पीयूष

**नवादा।** जिले में रजौली अनुमंडल मुख्यालय के संगत रोड में स्थित मनोहर मेमोरियल अस्तपाल का गुरुवार को पहला स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष और सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विक्रम सिहाग मौजूद रहे। एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। जिसका सबसे बड़ा पटल मनोहर मेमोरियल अस्पताल बनेगा । उन्होंने अस्पताल संचालक को मानव सेवा के भाव से अस्पताल में इलाज की व्यवस्था करने को भी कहा । भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि इतिहास पताल इलाके के लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने में सहायक बनेगी । मनोहर मेमोरियल अस्पताल के अध्यक्ष सौमित्र सिंह उर्फ राजा बाबू ने बताया कि पहला स्थापना दिवस मनोहर बाबू के जयंती पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। उन्होंने बताया कि गरीब एवं लाचार लोगों के लिये यह हॉस्पिटल एक वर्ष से अपनी सेवा दे रहा है। इस हॉस्पिटल में गरीब एवं असहाय लोगों की कम कीमत में इलाज किया जाता है। यहां विभिन प्रकार के रोगों का इलाज किया जाता है। इसके लिये हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है। इस मौके पर डीसीएलआर जफर हसन, कार्यपालक दंडाधिकारी अनिल तिवारी, सिरदला सीओ गुलाम सरवर, डायरेक्टर आलोक कुमार, डॉक्टर अभिजीत कुमार, डॉक्टर तवसुम, डॉक्टर पुष्कर चंद्रा,डॉक्टर सोनम गुप्ता,भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन,बब्लू सिंह, सजंय सिंह अधिवक्ता,दीपक कुमार मुना,बंटी सिंह,अमरेश सिंह सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## 47 हजार जाली नोट के साथ दो को किया गिरफ्तार

**अररिया (हि .स.)।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के कृषि उत्पादन बाजार समिति के पास एसएसबी ने गुप्त सूचना के आधार पर 47 हजार रुपये के जाली नोट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना पर एसएसबी के जवान सिविल ड्रेस में कृषि उत्पादन बाजार समिति से होकर जोगबनी जाने वाली सड़क मार्ग में मौजूद थे। एसएसबी 56वीं बटालियन के इंस्पेक्टर प्रदीप बिरहाडे के नेतृत्व में एसएसबी जवानों ने सूचना के आलोक में पल्सर बाइक संख्या बीआर-50वाई -2261 को रोका। बाइक पर दो युवक सवार थे जो जाली नोट के डीलिंग को लेकर वहां पहुंचे थे पुलिस ने सूचना के आधार पर बाइक सवार दोनों युवकों को पकड़ लिया और जब उनकी तलाशी ली गई तो दो सौ रुपये के 119 नोट और एक सौ रुपैया के 232 नोट बरामद हुए। एसएसबी को 47 हजार की जाली नोट की बरामदगी होने के बाद दोनों दोनों युवकों को हेडक्वॉर्टर ले जाया गया। जहां उनसे गहन पूछताछ की गई।पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार दोनों युवकों ने एसएसबी के अधिकारियों को जाली नोट के कारोबार से जुड़े कई संगीन जानकारियां दी। गिरफ्तार जाली नोट के कारोबारी भरगामा प्रखंड के खजूरी गांव के रहने वाले अजीत राय और गोलू कुमार है। पूछताछ के बाद एसएसबी के अधिकारियों ने दोनों गिरफ्तार युवकों और जाली नोट और बाइक के साथ फारबिसगंज थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## अगलगी में 15 दुकान जलकर राख, दो सिलेंडर ब्लास्ट होने से मची अफरातफरी

**भागलपुर।** जिले के सबौर थाना क्षेत्र के लैलख रेलवे स्टेशन के समीप सड़क किनारे एक मिठाई की दुकान में गुरुवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग के लपेटे में आने से दो गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। जिससे कुछ ही मिनट में करीब 15 दुकानें, दो मोटरसाइकिल सहित अन्य कई चीजें जलकर राख हो गए। गैस सिलेंडर के ब्लास्ट होने से वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। देखते ही देखते पूरा क्षेत्र आग के गोले में तब्दील हो गया। उल्लेखनीय है कि लैलख रेलवे स्टेशन परिसर के बाईं तरफ तकरीबन 30 लोगों की दुकानें हैं। जिससे 30 परिवार का भरण पोषण होता है। आग लगने से तकरीबन15 दुकानें जलकर खाक हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आग पर काबू पाना काफी मुश्किल हो रहा था। उधर सूचना मिलने पर जब-तक मौके पर अग्निशमन की गाड़ी पहुंची तब तक दुकानें जलकर राख हो चुकी थी। यहां मौजूद मिठाई की दुकान, कोल्ड ड्रिंक की दुकान, किराना दुकान सभी जलकर खाक हो गए। घटना तकरीबन 11 बजे दिन की है।

## पेज 1 का शेष

### एक था टाइगर...

अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, चम्पई सोरेन, मिथलेश ठाकुर, रामेश्वर उरांव, सत्यानन्द भोक्ता समेत कई विधायक और महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल होंगे। **इंटर करने का सपना रह गया अधूरा :** कोरोना काल में जब वह गंभीर रूप से बीमार हो गये थे तो उन्हें चेन्नई इलाज के लिए भेजा गया। आठ माह के लंबे इलाज के बाद जब वो झारखंड लौटे तो उनका जोरदार स्वागत हुआ। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी, लेकिन कुछ ही दिन बाद वो काम पर लौट आये। मैट्रिक-इंटर रिजल्ट प्रकाशित होने के समय जगरनाथ महतो लोगों के सामने आये। कुछ पत्रकारों ने उनसे पूछ कि आप कब इंटर परीक्षा देंगे, जवाब में उन्होंने कहा कि जिंदा रहेंगे तो परीक्षा भी देंगे और पास भी करेंगे। पर नीयति के सामने उनका यह सपना अधूरा रह गया। **चेन्नई में ली अंतिम सांस :** 14 मार्च को तबीयत खराब होने पर उन्हें दुबारा एयरलिफ्ट कर चेन्नई ले जाया गया था। गुरुवार की सुबह चेन्नई में उनका निधन हो गया। पहले कोरोना काल में वह कोरोना की चपेट में आ गए थे। तब उनका लंग्स ट्रांसप्लांट किया गया था। करीब एक साल ठीकठाक रहने के बाद फिर से उनकी तबीयत बिगड़ गयी थी।

### ऐसा कोई काम नहीं...

स्थापना दिवस के मौके पर पीएम मोदी कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े और देश के 10 लाख 72 हजार 945 स्थानों पर मौजूद भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि भाजपा मतलब- मिशन, भाजपा मतलब- समाजसेवा, भाजपा मतलब- समाज का सशक्तिकरण, भाजपा मतलब- नये भारत का निर्माण। आज हम देश के कोने-कोने में भगवान हनुमान की जयंती मना रहे हैं। हनुमान जी का जीवन आज भी हमने भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देते हैं। आज बजरंग बली का नाम चारो ओर गूंज रहा है। हनुमान जी के पास असीम शक्ति है लेकिन इन शक्तियों का इस्तेमाल वह तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त होता है। 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी, लेकिन आज भारत उस बजरंग बली की तरह महाशक्ति की तरह अपने अंदर सुप्त शक्तियों का आभास कर चुका है। भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी, आज हम पार्टी का 44वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। देशभर में कई कार्यक्रम हो रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## एयर इंडिया ने छह महीने में 3,800 से अधिक कर्मचारी जोड़े

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया (एआई) ने चालक दल और अन्य कामकाज में पिछले छह माह में 3,800 से अधिक कर्मचारियों को जोड़ा है। साथ ही एयरलाइन अपनी पांच साल की बदलाव योजना के तहत कर्मचारियों के लिए 29 नई नीतियां लेकर आई है। एयरलाइन कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एयर इंडिया अब सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियों में 20 करोड़ डॉलर लगा रही है और मौजूदा विमानों को पूरी तरह से नवीनीकृत करने के लिए 40 करोड़ डॉलर का निवेश करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। कंपनी ने 470 विमानों की खरीद का ऑर्डर भी दिया है।

## दिल्ली आबकारी घोटाले में पूरक आरोपपत्र दाखिल

नयी दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर धन शोधन के एक मामले में गुरुवा को यहां एक अदालत में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने संबंधित न्यायाधीश के समक्ष आरोपपत्र प्रस्तुत किया, जिसपर वह 14 अप्रैल को विचार करेंगे। यह ईडी की दूसरी पूरक अभियोजन शिकायत है। राघव मगुन्टा, राजेश जोशी, गौतम मल्होत्रा और उनसे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है।

## पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने जैन की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह प्रभावशाली व्यक्ति हैं और सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। ईडी ने पिछले साल 30 मई को उन्हें गिरफ्तार किया था और वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। जैन पर चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है।

## इमरान खान की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने पिछले महीने न्यायिक परिसर में हुए दंगा सहित आठ मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान (70) की अंतरिम जमानत की अवधि बृहस्पतिवार को 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक की अध्यक्षता वाली इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान की जमानत याचिका पर सुनवाई की। हालांकि, खान सुनवाई में उपस्थित नहीं थे।

## पूर्व अग्निवीरों के लिये सीआरपीएफ में दस फीसदी पद आरक्षित

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सामान्य ड्यूटी कांस्टेबल के लिये स्वीकृत 1,29,929 पदों में से 10 प्रतिशत पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित करने का फैसला किया है। एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गयी है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि स्वीकृत पदों में से 4,667 पद महिलाओं के लिए हैं, जिनका वेतन मैट्रिक्स 21,700 रुपये से 69,100 रुपये है और उनकी सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) के पद पर भर्ती के लिए दस प्रतिशत रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी। इसके लिये आयु सीमा 18 से 23 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए आयु में पांच वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए तीन वर्ष की छूट होगी। इसमें यह भी कहा गया है कि पूर्व अग्निवीर के पहले बैच के उम्मीदवारों को उपरी आयु सीमा में पांच साल की छूट दी जायेगी और उसके बाद के बैच के पूर्व अग्निवीरों के लिये यह छूट तीन साल की होगी।

# नीतिगत दरों में वृद्धि पर ब्रेक

## रेपो दर यथावत 6.5 प्रतिशत रहेगी

### घर, कार और अन्य ऋणों की किश्तों में नहीं होगी बढोतरी

एजेंसी

**मुंबई।** रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने गुरुवार को आम लोगों को बड़ी राहत देते हुये नीतिगत दरों में लगातार की जा रही वृद्धि पर ब्रेक लगा दी जिससे आम लोगों के घर, कार और अन्य प्रकार के ऋणों की किश्तों में बढोतरी नहीं होगी।

समिति ने रेपो दर को यथावत 6.5 प्रतिशत पर रखने का निर्णय लिया है। समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद आज जारी बयान में यह घोषणा की गयी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह घोषणा करते हुये कहा कि पिछले वर्ष मई से अब तक रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की बढोतरी की जा चुकी है। फिलहाल इसमें कोई बढोतरी नहीं की जा रही है लेकिन नीतिगत दरों में बढोतरी पर ब्रेक लगाने के बावजूद मौद्रिक नीति समिति भविष्य में कोई भी कदम उठाने में नहीं हिचकिचायेगी।

समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

श्री दास ने कहा कि अर्थव्यवस्था में जारी पुनरूद्धार को जारी रखने के लिए नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है लेकिन जरूरत पड़ने पर स्थिति के अनुरूप कदम उठाये जायेंगे। समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर रखने का निर्णय लिया



है। श्री दास ने कहा कि यह निर्णय मध्य काल में खुदरा महंगाई को रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के दायरे में रखने के लक्ष्य के अनुरूप लिया गया है। यह निर्णय विकास को गति देने का काम करेगा।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई घरेलू और वैश्विक कारकों से तय होगी। खाने पीने की वस्तुओं की कीमतों में जारी उतार चढ़ाव के साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी उथल पुथल एवं भूराजनैतिक स्थिति के कारण आयातित महंगाई बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। इसके कारण विनिर्माण और सेवायें प्रभावित हो सकती है। इसके मद्देनजर भारतीय वॉस्केट में कच्चे तेल की औसत वार्षिक कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल रहने और मानसून के सामान्य रहने पर चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई 5.2 प्रतिशत पर रह सकती है। इसके साथ ही यह पहली तिमाही में 5.1 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.2 प्रतिशत रह सकती है।

श्री दास ने कहा कि अर्थव्यवस्था में जारी पुनरूद्धार को जारी रखने के लिए नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है लेकिन जरूरत पड़ने पर स्थिति के अनुरूप कदम उठाये जायेंगे। समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर रखने का निर्णय लिया है। श्री दास ने कहा कि यह निर्णय मध्य काल में खुदरा महंगाई को रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के दायरे में रखने के लक्ष्य के अनुरूप लिया गया है। यह निर्णय विकास को गति देने का काम करेगा।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई घरेलू और वैश्विक कारकों से तय होगी। खाने पीने की वस्तुओं की कीमतों में जारी उतार चढ़ाव के साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी उथल पुथल एवं भूराजनैतिक स्थिति के कारण आयातित महंगाई बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। इसके कारण विनिर्माण और सेवायें प्रभावित हो सकती है। इसके मद्देनजर भारतीय वॉस्केट में कच्चे तेल की औसत वार्षिक कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल रहने और मानसून के सामान्य रहने पर चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई 5.2 प्रतिशत पर रह सकती है। इसके साथ ही यह पहली तिमाही में 5.1 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.2 प्रतिशत रह सकती है।

# लघु और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का वेटेज घटाया

### सीबीएसई ने 2024 में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए अधिक बहुविकल्पीय प्रश्न शुरू करने का दिया निर्देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2024 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए अधिक बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) शुरू करके और लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के लिए वेटेज कम करके अपनी मूल्यांकन योजना को नया रूप दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह बदलाव हालांकि केवल 2023-24 शैक्षणिक सत्र तक ही सीमित हो सकता है क्योंकि अगले साल नए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की शुरूआत के साथ बोर्ड परीक्षाओं में सुधार होने की संभावना है।

सीबीएसई के निदेशक जोसेफ इमैनुएल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में 21वीं सदी की चुनौतियों का सक्रिय रूप से मुकाबला करने के लिए छात्रों की रचनात्मक और महत्वपूर्ण सोच क्षमताओं को विकसित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए रट्टा मारने से आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए परीक्षा और मूल्यांकन प्रथाओं में योग्यता केंद्रित शिक्षा के मूल्यांकन को शामिल करने के लिए बदलाव ला रहा है। कक्षा 10वीं में, 50 प्रतिशत सवाल एमसीक्यू आधारित प्रश्न, स्रोत-आधारित एकीकृत प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के रूप में योग्यता-आधारित होंगे। पिछले शैक्षणिक सत्र में ऐसे प्रश्नों का भारांक 40 प्रतिशत था। वस्तुनिष्ठ प्रश्न अब अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत वेटेज के साथ बहुविकल्पीय होंगे। लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का भारांक पिछले वर्ष के 40 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया है।

इसी तरह, कक्षा 12वीं में, 40 प्रतिशत प्रश्न एमसीक्यू प्रश्न, स्रोत-आधारित एकीकृत प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के रूप में योग्यता-आधारित होंगे।

पिछले शैक्षणिक सत्र में ऐसे प्रश्नों का भारांक 30 प्रतिशत था। बारहवीं कक्षा में भी वस्तुनिष्ठ प्रश्न अब अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत भारांक के साथ बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का भारांक पिछले वर्ष के 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।

## पाकिस्तान में आठ आतंकवादी ढेर, एक सैनिक भी मारा गया

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आतंकवादी ठिकाने पर रात भर चलाए गए अभियान में आठ आतंकवादी मारे गए। कार्रवाई में एक पाकिस्तानी सैनिक की भी मौत हो गई। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस(आईएसपीआर) द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक दक्षिण वजीरिस्तान जिले के शिनवारसाक इलाके में जानकारी के आधार पर एक अभियान (आईबीओ) चलाया गया, जिसमें सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। कार्रवाई में एक सैनिक की भी मौत हो गई। अभियान में दुर्दान्त आतंकवादी कमांडर जान मुहम्मद उर्फ चारघ सहित आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ए के एंटनी के बेटे अनिल एंटनी गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गये। केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, राज्यसभा सदस्य व भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में अनिल एंटनी ने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अनिल ने इसी साल जनवरी महीने में कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने गुजरात में 2002 में हुए दंगों पर आधारित ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के वृत्तचित्र को भारतीय संस्थानों के विचारों से अधिक महत्व दिए जाने को खतरनाक चलन बताते हुए कहा




था कि इससे देश की संप्रभुता प्रभावित होगी। इस प्रतिक्रिया के बाद उन्हें कांग्रेस के भीतर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद उन्होंने पार्टी में अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। उल्लेखनीय है कि ए के एंटनी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और वह केंद्र सरकार में रक्षा मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर रह चुके हैं।

# सावरकर मुद्दे नहीं उठायेगी कांग्रेस : चव्हाण

एजेंसी

**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि उनकी पार्टी वी. डी. सावरकर के मुद्दे को नहीं उठाने पर सहमत हुई है क्योंकि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के तीन सहयोगी दिवंगत हिंदुत्व विचारक के संबंध में अलग-अलग विचार रखते हैं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा पिछले महीने एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चेतावनी देने के कुछ दिनों बाद उन्होंने को दिए एक साक्षात्कार में यह बयान दिया। ठाकरे ने कहा था कि सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि वह सावरकर को अपना आदर्श मानते हैं और इसलिए गांधी को उनका अपमान करने से बचना चाहिए। गांधी सावरकर पर जेल से बाहर निकलने के लिए अंग्रेजों से माफी मांगने का आरोप लगाते रहे हैं इस मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में चव्हाण ने कहा कि कांग्रेस सावरकर के मुद्दे को नहीं उठाने पर सहमत हो गई है क्योंकि एमवीए सहयोगियों के बीच उनके बारे में अलग-अलग विचार है। एमवीए में कांग्रेस, राकांपा और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना शामिल हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके चव्हाण ने कहा कि लोगों को स्वतंत्रता संग्राम की सच्चाई के बारे में फैसला करने दें। इसमें खेद जताने वाली कोई बात नहीं है। इस मुद्दे को नहीं उठाने पर सहमत हुए क्योंकि हमारे सहयोगी सावरकर पर अलग-अलग विचार रखते हैं।

# कनाडा के हिंदू मंदिर में फिर तोड़फोड़

**टोरंटो।** कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। ओंटारियो प्रांत के विंडसर शहर में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई है और नफरत भरे नारे लिखे गए हैं।

स्थानीय पुलिस के अनुसार घटना के मद्देनजर दो संदिग्धों की तलाश है।विंडसर पुलिस अधिकारियों की माने तो बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर के बाहर दीवार पर हिंदू-विरोधी और भारत-विरोधी नारे काले रंग के पेंट से लिखे गए हैं। विंडसर पुलिस ने आगे कहा कि हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ की जांच घृणा से प्रेरित




घटना के रूप में की जा रही है। शुरूआती जांच में अधिकारियों ने एक वीडियो प्राप्त किया है, जिसमें दो संदिग्धों को रात 12 बजे के बाद इलाके में देखा गया है। वीडियो में, एक संदिग्ध इमारत की दीवार पर तोड़फोड़ करता हुआ दिखाई देता है, जबकि दूसरा उसके साथ खड़ा है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय, एक संदिग्ध ने काले रंग का स्वेटर, बाएं पैर पर एक छोटे से सफेद लोगो के साथ काली पैंट और काले और सफेद रंग के हाई-टॉप रनिंग शूज पहने थे। दूसरे संदिग्ध ने काली पैंट, एक स्वेटशर्ट, काले जूते और सफेद मोजे पहने थे।

**मंदिरों को पांचवी बार बनाया गया निशानाः** कनाडा के हिंदू मंदिरों में पहले भी कई दफा ऐसी घटना हो चुकी है, लेकिन अभी तक वहां की सरकार द्वारा कोई कड़ा कदम नहीं उठाया गया है। विंडसर में हुई यह पांचवीं घटना है, जहां मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। बता दें कि इससे पहले 14 फरवरी को मिसिसागा के राम मंदिर में तोड़फोड़ के साथ हिंदू और भारत विरोधी नारे लिखे गए थे।

## केंद्र सरकार ने अखबारों को ऑनलाइन सट्टेबाजी विज्ञापन को लेकर किया आगाह

नयी दिल्ली । सरकार ने गुरुवार को मीडिया संस्थानों को सट्टेबाजी मंचों के विज्ञापनों को लेकर आगाह किया। मुख्यधारा के अंग्रेजी और हिंदी अखबारों में इस तरह की विज्ञापन सामग्री प्रकाशित होने के कुछ दिन बाद यह परामर्श जारी किया गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अंग्रेजी और हिंदी अखबारों में कथित तौर पर सट्टेबाजी की पेशकश करने वाली वेबसाइट के विज्ञापनों और प्रचार सामग्री को प्रकाशित करने के हालिया उदाहरणों को लेकर कड़ा ऐतराज जताया है।

# सोनी सब के अलीबाबा - एक अंदाज अनदेखा : चैप्टर 2 में

## खलनायक इब्लीस के रूप में शामिल हुए आरव चौधरी

**मुंबई।** सोनी सब के लोकप्रिय फैमिली एंटरटेनर 'अलीबाबा - एक अंदाज अनदेखाः चैप्टर 2', में अली - द रखवाला (अभिषेक निगम) के कारनामों को प्रदर्शित किया जाता है, जो अपनी जमीन की रक्षा करने की खातिर बुराई से लड़ता है। आकर्षक किरदारों और दिलचस्प कहानी के साथ यह शो प्रशंसकों का पसंदीदा बन गया है। हाल के एपिसोड्स में सिमसिम (सायंतनी घोष) के पिरामिड से भागने की वजह से शो का पसंदीदा खलनायक लौट आया है। हालांकि, निमार्ताओं ने इस ट्विस्ट को और मनोरंजक बनाने की तैयारी कर ली है क्योंकि सिमसिम का दुष्ट साथी इब्लिस का आखिरकार शो में पदार्पण हो रहा है। शो के बेहतरीन कलाकारों में अब प्रतिभाशाली आरव चौधरी जुड़ गए



हैं। वह शो में खलनायक इब्लीस की भूमिका निभा रहे हैं। इब्लीस एक अत्याचारी है जो पूरे ग्रह पर बुरी शक्तियों को फैलाना चाहता है। वह विनाश और निर्दोष लोगों की हत्या करने के लिए प्रेरित है। वह एक निर्दयी, साहसी और धूर्त है, जो अपनी प्रेमी और भक्त सिमसिम के साथ है। एक दानव के रूप में, वह जानता है कि उसे मारा नहीं जा सकता, जिससे वह और अधिक शक्तिशाली व क्रूर हो गया है। उनके सबसे बड़े दुश्मन मुस्तफा और उसका बेटा अलीबाबा हैं, जिनके पास दिव्य जादुई शक्तियां हैं जो बुराई को फैलने से रोक सकती हैं। इब्लीस इस जादू और इसे धारण करने वालों को नष्ट करना चाहता है, क्योंकि उसकी दुष्ट आत्मा उसके ताबीज के साथ जुड़ी हुई है, जिससे वह अलग नहीं हो सकता। शो में आरव चौधरी की एंट्री निश्चित रूप से दर्शकों के लिए एक रोमांचक पल बनाएगी। इब्लीस की भूमिका निभाने पर आरव चौधरी ने कहा कि, ह्यएक खलनायक को चित्रित करना चुनौतीपूर्ण है। मुझे यकीन है कि दर्शक इसे सराहेंगे। इब्लीस अब तक मेरे निभाए सभी किरदारों से अलग है। मैं इस चरित्र की ऊर्जा को बॉलीवुड के सबसे बड़े खलनायकों के समान मानता हूं। मैं सायंतनी के साथ फिर से काम करने को लेकर भी उत्सुक हूं और हम पहले ही सेट पर एक-दूसरे से बातचीत कर चुके हैं। मेरा लक्ष्य एक अविस्मरणीय प्रदर्शन देना है जो दर्शकों पर अपनी अमिट छाप छोड़े। सोनी सब के साथ यह मेरा पहला शो है और सोनी सब परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

देखिये अलीबाबा एक अंदाज अनदेखाः चैप्टर 2, हर सोमवार से शुक्रवार, शाम 7 बजे सिर्फ सोनी सब पर।

## वाणिज्य की खबरें

### स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत 40,700 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर

**नयी दिल्ली।** सरकार की प्रमुख ह्यस्टैंड-अप इंडियाह्न योजना के तहत 1.8 लाख से अधिक खातों में 40,710 करोड़ रुपये के ऋण को मंजूरी दी गई है। यह योजना आर्थिक सशक्तीकरण और रोजगार सृजन पर केंद्रित है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 2016 में योजना की शुरूआत के बाद से लगभग 80 प्रतिशत ऋण महिला उद्यमियों को दिया गया है। यह योजना पांच अप्रैल, 2016 को महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई थी। इसके तहत उन्हें विनिर्माण, सेवा या व्यापार और कृषि से जुड़ी गतिविधियों में नया उद्यम शुरू करने के लिए कर्ज दिया जाता है। पहले साल 3,683 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए। यह आंकड़ा 31 मार्च, 2023 तक बढ़कर 40,710 करोड़ रुपये हो गया है। योजना के तहत महिलाओं के 1.44 लाख खातों में 33,152.43 करोड़ रुपये के कर्ज को मंजूरी दी गई। इसी तरह एससी को 26,889 खातों में 5,625.5 करोड़ रुपये के ऋण और एसटी को 8,960 खातों में 1,932 करोड़ रुपये के ऋण दिए गए। इस योजना को 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

### आरबीआई ने ग्राहकों के लिये रुपये में एनडीसीसी लेनदन की मंजूरी दी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के भीतर रुपये में ह्यनॉन-डेलिवरेबल फॉरेन एक्सचेंज डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट (एनडीडीसी) व्यवस्था के विकास के लिए कदम उठाया है। इसके तहत, उन बैंकों को घरेलू बाजार में ग्राहकों को रुपये में एनडीडीसी की पेशकश करने की मंजूरी दी गयी है जो अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में बैंकिग इकाई (आईबीयू) का परिचालन करते हैं। उल्लेखनीय है कि आईएफएससी में बैंकिंग इकाइयों (आईबीयू) का संचालन करने वाले बैंकों को प्रवासियों के साथ रुपये में एनडीडीसी लेनदेन करने की मंजूरी पहले से है। यह व्यवस्था एक जून, 2020 से प्रभावी है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आईबीयू को प्रवासियों के अलावा आपस में भी एनडीडीसी के रुपये में लेनदेन की मंजूरी होगी।

### शेयर बाजार में पांचवें दिन भी बढ़त

**मुंबई।** आर्थिक परिदृश्य को लेकर कायम अनिश्चितता के बीच नीतिगत ब्याज दर में कोई बढ़ोतरी नहीं करने के रिजर्व बैंक के फैसले से घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी का सिलसिला लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली तेज होने से भी घरेलू बाजारों में कारोबारी धारणा को मजबूती मिली। हालांकि, द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा के नतीजों की घोषणा के दिन कारोबारी सत्र की शुरूआत गिरावट के साथ हुई लेकिन रेपो दर में कोई वृद्धि नहीं करने के फैसले से बाजार को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स कारोबार के अंत में 143.66 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 59,832.97 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय संसेक्स 260.75 अंक यानी 0.43 प्रतिशत तक उछल गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी शुरूआती गिरावट से उबरते हुए 42.10 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,599.15 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में कोई बदलाव नहीं करने की घोषणा करते हुए कहा कि दर वृद्धि पर रोक का फैसला केवल इस बैठक के लिए है और जरूरी होने पर ब्याज दर में आगे बढ़ोतरी की जा सकती है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति का रेपो दर स्थिर रखने का फैसला अधिकतर विश्लेषकों के अनुमान से अलग रहा। विश्लेषकों ने इस बैठक में भी 0.25 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने की संभावना जताई थी।

